वर्ष-14 - अंक 118
पृष्ट-08 मूल्य : 01 रुपया

सीतापुर
गुरुवार ,06 अगस्त 2026

RNI.No. UHIN/2012/43078

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें....... 9511151254


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

हर घर तिरंगा में यूपी फिर बने .................................... 3
पाकिस्तान की बयानबाजी और बदलता जम्मू-कश्मीर......................... 4
नशामुक्ति के खिलाफ छात्र छात्राओं को किया जागरूक............................ 08

## देश को जल्द मिलेगी पहली महिला प्रधान न्यायाधीश : मेघवाल



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में कहा कि देश जल्द ही पहली बार एक महिला को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के पद पर देखेगा। उन्होंने यह बात उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान कही। इस विधेयक को लोकसभा पहले ही पारित कर चुकी है। चर्चा के दौरान मेघवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य न्याय को अधिक सुलभ, त्वरित और प्रभावी बनाना है। लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए न्यायपालिका के साथ मिलकर काम किया जा रहा है तथा न्यायिक व्यवस्था को डिजिटल और भौतिक दोनों स्तरों पर सुदृढ़ किया जा रहा है। वहीं, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने चर्चा के दौरान सदन से वॉकआउट किया। उन्होंने बताया कि विधेयक के पारित होने के बाद उच्चतम न्यायालय में एक प्रधान न्यायाधीश सहित कुल 38 न्यायाधीश होंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 5 मई 2026 को न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 123 के तहत अध्यादेश लाकर व्यवस्था लागू की गई और 1 जून 2026 को पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। मेघवाल ने कहा कि पुराने दीवानी और आपराधिक मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए उच्चतम न्यायालय में चार विशेष पीठों का गठन किया गया है। इन पीठों को नियमित विविध मामलों से अलग रखा गया है, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा हो सके। महिला प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि देश जल्द ही पहली महिला प्रधान न्यायाधीश का साक्षी बनेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आंध्र प्रदेश, गुजरात, मेघालय और पटना उच्च न्यायालयों में महिला मुख्य न्यायाधीश कार्यरत हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। मेघवाल ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में 795.53 करोड़ रुपये की लागत से उच्चतम न्यायालय भवन का विस्तार दो चरणों में कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के प्रावधानों तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्धारित मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर के अनुसार न्यायपालिका और कार्यपालिका के समन्वय से की जाती है।

## दोपहिया वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, चोरी की 14 बाइक के साथ तीन शातिर गिरफ्तार



**नोएडा(एजेंसी)।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 की पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सक्रिय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 14 मोटरसाइकिल, वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 4 अगस्त को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने ग्राम सर्फाबाद, सेक्टर-73 क्षेत्र में अभियान चलाकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित राघव पुत्र देवेंद्र, कौशल पुत्र जोगिंद्र सिंह और अमित पुत्र जयपाल के रूप में हुई है। तीनों वर्तमान में ग्राम सर्फाबाद, सेक्टर-73 में रह रहे थे, जबकि उनके मूल निवासी अलीगढ़ जिले के अलग-अलग गांव हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे अपनी मोटरसाइकिल से पहले विभिन्न इलाकों की रेकी करते थे। इसके बाद रेस्टोरेंट, मॉल, जेप्टो, ब्लिंकइट जैसे स्टोरों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते थे। चोरी करने के बाद वे वाहनों को कुछ समय के लिए सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखते थे ताकि तत्काल पुलिस की नजर से बच सकें। बाद में मौका मिलते ही चोरी की मोटरसाइकिलों को कम कीमत पर बेच देते थे। पुलिस की जांच में आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर कुल 15 मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं, जिनमें 14 चोरी की मोटरसाइकिलें शामिल हैं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल तथा एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। इनके खिलाफ दिल्ली के सरिता विहार थाना, नोएडा के फेस-3 थाना तथा सेक्टर-113 थाने में वाहन चोरी से संबंधित कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब यह भी पता लगा रही है कि आरोपियों ने अब तक कितनी और वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है तथा चोरी के वाहनों को किन लोगों को बेचा गया। इसके लिए बरामद मोटरसाइकिलों के वास्तविक मालिकों की पहचान कर उन्हें वाहन वापस दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। नोएडा पुलिस का कहना है कि वाहन चोरी करने वाले गिरोहों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि वे अपने दोपहिया वाहनों को सुरक्षित स्थान पर पार्क करें, सुरक्षा लॉक का उपयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे: किसानों और प्रशासन के बीच सकारात्मक वार्ता

**जयपुरकोटपूतली।** किशनगढ़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को निरस्त करने की मांग को लेकर जिला कलेक्ट्रेट जयपुर के सभाभवन में किसानों और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के बीच प्रथम चरण की उच्चस्तरीय वार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जयपुर जिला कलेक्टर (आईएएस) संदेश नायक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में एडीएम राजेंद्र सिंह, युगांतर शर्मा, चौमूं एसडीएम आशीष शर्मा और सड़क एवं परिवहन विभाग के अधीक्षण अभियंता गिरीश जैन सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं किसान पक्ष का नेतृत्व किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने किया, जिनके साथ चौमूं, रेनवाल, फुलेरा, किशनगढ़, खंडेला, नीमकाथाना और कोटपूतली क्षेत्र के दर्जनों प्रतिनिधि शामिल हुए। वार्ता के दौरान भूमि अधिग्रहण कानून 2013 की धारा 4(1) से लेकर धारा 6 की अधिसूचना तक की तमाम कार्यवाहियों और सामाजिक प्रभाव अध्ययन (स्ढ्ढ) रिपोर्ट की प्रतियां किसानों को उपलब्ध कराने पर सरकार की ओर से सहमति बनी। किशनगढ़ में इंटरचेंज सर्किट का स्थान बदलने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने एनएचएआई (NHAI) के निर्देशों का हवाला दिया, जिस पर किसान प्रतिनिधियों ने एक्सप्रेसवे मार्ग चयन के आधार और अन्य तीन विकल्पों की जानकारी चाही।

किसानों ने अब तक दस्तावेजों में पारदर्शिता न रखने और समय पर अभिलेख न देने पर अप्रसन्नता जताई, जिस पर जिला कलेक्टर ने जल्द से जल्द सरकारी प्रलेख उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। किसान प्रतिनिधियों ने तर्क दिया कि समानांतर रेल-सड़क मार्गों, भूगर्भ जल, सामाजिक ताने-बाने और यातायात दबाव को अनदेखा कर इस मार्ग का चयन किया गया है, जिसका जनता में भारी विरोध है। सभी पक्षों ने वार्ता को सकारात्मक बताया और आगामी चर्चा से पहले दस्तावेज मुहैया कराने के आश्वासन पर संतोष व्यक्त किया।

### दिल्ली पुलिस ने 11 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के सेंट्रल जिले ने 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने अपने डबल-एंट्री वीजा की शर्तों का उल्लंघन किया था और हर विजिट के लिए तय समय-सीमा से ज्यादा समय तक रुके थे। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन विस्टा 1.0' (वीजा स्टेटस वेरिफिकेशन) के तहत की गई। यह सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ के फॉरेनर सेल द्वारा शुरू किया गया एक खास एनफोर्समेंट अभियान था, जिसका मकसद उन विदेशी नागरिकों की पहचान करना था जो या तो भारत में तय समय से ज्यादा समय तक रुके थे या राजधानी में रहते हुए अपने वीजा की शर्तों का उल्लंघन किया था। इस ऑपरेशन के तहत, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) के इंचार्ज इंस्पेक्टर संदीप डबास की अगुवाई में और एसीपी (ऑपरेशन्स) पदम सिंह राणा की कड़ी निगरानी में एक खास पुलिस टीम बनाई गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात पहाड़गंज इलाके में गश्त के दौरान पुलिस टीम को एक भरोसेमंद सूत्र से पक्की जानकारी मिली कि बांग्लादेश के कुछ नागरिक, जिनके वीज़ा की मियाद खत्म हो चुकी थी, दिल्ली में गैर-कानूनी तरीके से रह रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने बांग्लादेश के सिलहट के रहने वाले नईम अहमद नामक एक व्यक्ति को पकड़ा और उससे उसकी पहचान और रहने की जगह के बारे में पूछताछ की।

## कोटा में बनेंगे दो नए एथलेटिक्स ट्रैक, खेल सुविधाओं के विस्तार पर मंथन



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर कोटा में खेल अवसंरचना के विस्तार और खिलाड़ियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित करने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में कोटा स्टेडियम में दो नए एथलेटिक्स ट्रैक बनाने तथा शहर को प्रमुख खेल केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान ओम बिरला ने कहा कि कोटा में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। आधुनिक खेल सुविधाएं, बेहतर प्रशिक्षण, दक्ष प्रशिक्षकों की उपलब्धता और उच्चस्तरीय खेल संसाधन मिलने से यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने हाल ही में स्थानीय खिलाड़ियों से हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा कि खेल अवसंरचना का विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। दोनों नेताओं ने कोटा में आधुनिक खेल परिसर विकसित करने, मौजूदा खेल सुविधाओं के उन्नयन, उन्नत खेल उपकरण उपलब्ध कराने तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन योग्य आधारभूत ढांचा तैयार करने पर भी विचार-विमर्श किया। बिरला ने केंद्रीय मंत्री से सभी प्रस्तावित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराने का आग्रह किया। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कोटा में खेल सुविधाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार देशभर में मजबूत खेल संस्कृति विकसित करने और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में कोटा स्थित कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने पर भी चर्चा हुई। ओम बिरला ने अस्पताल में रिक्त पदों को शीघ्र भरने, आधुनिक जांच मशीनें उपलब्ध कराने तथा चिकित्सा उपकरणों से अस्पताल को सुसज्जित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक को कोटा में खेल और स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

इससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं मिलने के साथ-साथ क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे धंसाव पर एनएचएआई का एक्शन

**लखनऊ(एजेंसी)।** कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सड़क धंसने के मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने निर्माण कंपनी, स्वतंत्र अभियंता और परियोजना से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। एनएचएआई ने रियायतग्राही पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड को 'नॉन-परफॉर्मर' घोषित करने की प्रक्रिया शुरू करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही परियोजना की निगरानी में लापरवाही बरतने वाले कई अधिकारियों को हटाने और भविष्य की परियोजनाओं से प्रतिबंधित करने का फैसला किया गया है। एनएचएआई के अनुसार, पीएनसी इंफ्राटेक को भविष्य की एनएचएआई परियोजनाओं की निविदाओं में अयोग्य घोषित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उसके खिलाफ अनुबंध की शर्तों के तहत आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण ने निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक कुमार गुप्ता, स्वतंत्र अभियंता के टीम लीडर सुरेंद्र कुमार तथा रेजिडेंट इंजीनियर यतेंद्र कुमार को परियोजना से तत्काल हटा दिया है। तीनों अधिकारियों को दो वर्ष के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच), एनएचएआई तथा एनएचआईडीसीएल की किसी भी परियोजना में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अलावा वर्तमान परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा को उनके मूल विभाग में वापस भेज दिया गया है। वहीं, पूर्व परियोजना निदेशक सौरभ चौरसिया और वर्तमान परियोजना निदेशक नकुल प्रकाश वर्मा के खिलाफ अपने दायित्वों के निर्वहन में कथित लापरवाही के आरोप में आरोप-पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। एनएचएआई ने परियोजना के स्वतंत्र अभियंता थीम इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी डिबारमेंट नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में गुणवत्ता, जवाबदेही और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## हरियाणा के 'कॉमनवेल्थ पदक विजेता खिलाड़ियों' को सम्मानित करेंगे

**चंडीगढ़(एजेंसी)।** हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में देश का नाम रोशन करने वाले हरियाणा के पदक विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए 7 अगस्त, 2026 को एक भव्य राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम पंचकूला के सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में संपन्न होगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे। खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर हरियाणा के धाकड़ खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कॉमनवेल्थ खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए हैं, जिनमें 7 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक, 2 खिलाड़ियों ने रजत पदक और 1 खिलाड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया है। हरियाणा सरकार की खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को 13.47 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। खेल मंत्री ने बताया कि गोल्ड मेडल हासिल करने वाले 7 खिलाड़ियों में से प्रत्येक को 1.50-1.50 करोड़ रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। सिल्वर मेडल विजेता 2 खिलाड़ियों को 75-75 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। कांस्य पदक जीतने वाले 1 खिलाड़ी को 50 लाख रुपये की राशि से नवाजा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले 13 प्रतिभागी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें 7.50-7.50 लाख रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा।

### जर्जर विद्यालयों के मामले में कलेक्टर संधू ने एडीपीसी डॉ. कल्पना शर्मा को थमाया कारण बताओ नोटिस



**भीलवाड़ा(एजेंसी)।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (समग्र शिक्षा) डॉ. कल्पना शर्मा को चिन्हित जर्जर विद्यालय भवनों को ध्वस्त करने तथा मरम्मत कार्यों में कथित शिथिलता, घोर लापरवाही एवं उदासीनता के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब तलब किया है। जारी नोटिस के अनुसार, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 8 जुलाई 2026 को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जर्जर विद्यालय भवनों को ध्वस्त करने, उनकी मरम्मत तथा नए एवं अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि भीलवाड़ा में जिला स्तरीय समिति द्वारा कुल 116 जर्जर विद्यालय भवन चिन्हित किए गए थे। इनमें 99 प्रारंभिक शिक्षा एवं 17 माध्यमिक शिक्षा के विद्यालय शामिल हैं।

## कीव पर रूस का भीषण हमला, 17 की मौत



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी कीव और उसके आसपास के क्षेत्रों पर मिसाइलों और ड्रोन से बड़ा हमला किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के अनुसार, इस हमले में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 44 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि हमलों का निशाना ऐसे नागरिक ठिकाने थे, जिनका युद्ध से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि रूस ने हमले में 24 बैलिस्टिक मिसाइलें, चार 'जिरकॉन/ओनिक्स' मिसाइलें तथा 115 ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिनमें बड़ी संख्या में भ्रम पैदा करने वाले ड्रोन भी शामिल थे। उनके अनुसार, हमलों में नागरिक कंपनियों के गोदाम, निर्माण सामग्री भंडार, लॉजिस्टिक्स केंद्र, रेलवे स्टेशन और अन्य आधारभूत ढांचे को निशाना बनाया गया। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि यदि पर्याप्त संख्या में इंटरसेप्टर मिसाइल और आधुनिक वायु रक्षा प्रणाली उपलब्ध होती, तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने सहयोगी देशों से वायु रक्षा प्रणाली की आपूर्ति तेज करने की अपील करते हुए कहा कि रूस के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाने की आवश्यकता है। जेलेंस्की ने जी-7, यूरोपीय संघ तथा अन्य सहयोगी देशों से रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने और यूक्रेन की रक्षा क्षमता मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने यूक्रेन की सहायता कर रहे देशों का आभार भी व्यक्त किया।

## 1.30 करोड़ रुपए की सराफा लूट का खुलासा, 5 आरोपी गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा(एजेंसी)।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने महज तीन दिन के भीतर चांदी व्यापारी से हुई करोड़ों रुपए की लूट का सफल खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपए मूल्य का सोना और चांदी, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की बलेनो कार, एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बरामद आभूषणों की कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक होने के कारण मामले की सूचना आयकर विभाग (इनकम टैक्स) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भी भेजी जाएगी। डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि यह घटना 2 अगस्त 2026 की सुबह करीब 4:30 बजे थाना बीटा-2 क्षेत्र में जीरो प्वाइंट के पास हुई थी। दिल्ली के चांदनी चौक से एक सराफा व्यापारी सोने-चांदी के आभूषण आगरा में डिलीवरी के लिए लेकर जा रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने दुर्घटना का बहाना बनाकर व्यापारी की गाड़ी रुकवाई और तमंचे के बल पर आभूषणों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट ने तत्काल पांच विशेष टीमों का गठन किया। एसओजी ग्रेटर नोएडा, थाना बीटा-2 और थाना इकोटेक-1 पुलिस की संयुक्त टीम ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों, सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस ने एटीएस गोलचक्कर के पास से पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकुर, अमित, सोहित बंसल, हिमांशु और कमलकांत के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया। घटना से करीब आठ दिन पहले आरोपी कमलकांत ने दिल्ली के चांदनी चौक स्थित सराफा बाजार में व्यापारियों की गतिविधियों की लगातार रेकी की थी। उसने अपने साथियों को सूचना दी कि एक विशेष कार में बड़ी मात्रा में आभूषण आगरा भेजे जाएंगे। इसके बाद सभी आरोपियों ने दो कारों के जरिए व्यापारी का पीछा किया और पूर्व निर्धारित योजना के तहत जीरो प्वाइंट के पास वारदात को अंजाम दिया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि मुख्य साजिशकर्ता कमलकांत पहले से सराफा व्यापारियों के संपर्क में था और इसी जान-पहचान का फायदा उठाकर उसने पूरी योजना तैयार की। आरोपियों ने बताया कि फाइनेंस कंपनी में करीब एक करोड़ रुपए का नुकसान होने और रिश्तेदारों के कर्ज के दबाव के चलते उन्होंने लूट की साजिश रची थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 635 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए हैं, जिनमें पांच हार, दो मंगलसूत्र, 29 पेंडेंट, महिलाओं की 56 अंगूठियां, पुरुषों की 34 अंगूठियां, 18 लॉकेट और 42 जोड़ी झुमकियां शामिल हैं। इसके अलावा करीब 12.138 किलोग्राम चांदी, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की बलेनो कार तथा एक अवैध .315 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

## हरियाणा में कम पानी मिलने से राजस्थान के नोहर-भादरा क्षेत्र की सिंचाई प्रभावित



**हनुमानगढ़ हरियाणा(एजेंसी)।** क्षेत्र से सिंचाई एवं पेयजल हेतु अपेक्षित मात्रा में पानी प्राप्त नहीं होने के कारण जल संसाधन विभाग राजस्थान के अधिकारियों ने मंगलवार को हरियाणा के टोहाना स्थित बलियाला हेड का दौरा कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण दल में जल संसाधन विभाग नोहर की अधिशासी अभियंता प्रियंका चौधरी, भादरा के अधिशासी अभियंता तिलोक कुमावत तथा नोहर के सहायक अभियंता मुकेश सुथार शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने टोहाना के अधिशासी अभियंता श्याम ढींगरा के साथ सिद्धमुख-नोहर फीडर एवं फतेहाबाद ब्रांच का संयुक्त निरीक्षण किया तथा सीपी-4 एवं सीपी-5 पर राजस्थान को अपेक्षाकृत कम पानी मिलने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता श्याम ढींगरा ने बताया कि पंजाब क्षेत्र से भाखड़ा मेन लाइन ब्रांच में लगभग 5000 क्यूसेक पानी की मांग के मुकाबले वर्तमान में केवल 3800 क्यूसेक पानी ही प्राप्त हो रहा है। इसके कारण राजस्थान के साथ साथ हरियाणा का भी सिंचाई तंत्र भी गंभीर रूप से प्रभावित है तथा सभी क्षेत्रों में सीमित जल उपलब्धता के अनुसार पानी का वितरण किया जा रहा है। नोहर एवं भादरा के अधिकारियों ने आग्रह किया कि वर्तमान जल संकट की स्थिति में राजस्थान की नहरों को भी समानुपातिक आधार पर पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाए, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

# जुलाई तक कर राजस्व लक्ष्य का 74.2% हासिलः सुरेश खन्ना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के पहले चार महीनों में कर संग्रह के मोर्चे पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को बताया कि जुलाई 2026 तक राज्य ने कर राजस्व के निर्धारित लक्ष्य का 74.2 प्रतिशत प्राप्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मजबूत वित्तीय व्यवस्था, पारदर्शी कर प्रशासन और प्रभावी राजस्व प्रबंधन के चलते प्रमुख कर एवं करेत्तर राजस्व मदों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। वित्त मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के जुलाई माह तक कर राजस्व मदों में कुल 1,11,010.17 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष 82,406.48 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 74.2 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों में आई तेजी और कर संग्रह व्यवस्था की प्रभावशीलता का परिणाम है। उन्होंने बताया कि जुलाई 2026 में प्रदेश के प्रमुख कर एवं करेत्तर राजस्व मदों से 21,754 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि जुलाई 2025 में यह आंकड़ा 18,394 करोड़ रुपये था। इस प्रकार एक वर्ष में 3,360 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त मंत्री के अनुसार, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत जुलाई 2026 में 7,821 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 6,949 करोड़ रुपये था। इस प्रकार जीएसटी संग्रह में 872 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। वहीं वैट (बैट) से जुलाई 2026 में 3,268 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 449 करोड़ रुपये अधिक हैं। आबकारी विभाग के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए श्री खन्ना ने बताया कि जुलाई 2026 में आबकारी मद से 5,053 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो निर्धारित मासिक लक्ष्य का 95.3 प्रतिशत है। गत वर्ष इसी माह यह प्राप्ति 4,354 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार आबकारी राजस्व में 699 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। स्टाम्प एवं निबंधन विभाग ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। जुलाई 2026 में इस मद से 4,237 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि जुलाई 2025 में यह 3,112 करोड़ रुपये था। यानी एक वर्ष में 1,125 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। परिवहन विभाग ने भी निर्धारित लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन करते हुए जुलाई 2026 में 1,113 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो निर्धारित लक्ष्य का 100.6 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 861 करोड़ रुपये था, यानी 252 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। करेत्तर राजस्व के प्रमुख स्रोत भू-तत्व एवं खनिकर्म से जुलाई 2026 में 262 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई। हालांकि यह पिछले वर्ष की तुलना में कुछ कम रही, जब इसी अवधि में 299 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। वित्त मंत्री ने बताया कि अप्रैल से जुलाई 2026 तक राज्य कर मद में 67,081.04 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 43,017.54 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई।

# हर घर तिरंगा में यूपी फिर बने नंबर-1 : मुख्य सचिव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पंचायतीराज, राजस्व, हर घर तिरंगा अभियान तथा स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि जिन जिलों में डिजिटल लाइब्रेरी के लिए फर्नीचर, पुस्तकें, कंप्यूटर एवं अन्य उपकरणों की आपूर्ति शेष है, वहां कार्य तत्काल पूरा कराया जाए और गुणवत्ता जांच के बाद लंबित भुगतान भी शीघ्र किया जाए। बैठक में बताया गया कि अब तक लगभग 90 प्रतिशत फर्नीचर और 97 प्रतिशत पुस्तकों की आपूर्ति पूरी हो चुकी है। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने पांच वर्ष अथवा उससे अधिक समय से लंबित राजस्व वादों के निस्तारण के लिए तीन माह का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान प्रतिदिन सुनवाई कर मामलों का निस्तारण किया जाएगा तथा न्यायिक अधिकारियों के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा होगी। प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर ऐसे 93,048 राजस्व वाद लंबित हैं। मुख्य सचिव ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इस वर्ष प्रदेश में 5 करोड़ घरों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, सिविल डिफेंस, मंगल दल और स्वयं सहायता समूहों को अभियान से जोड़ने तथा अधिक से अधिक लोगों से 'सेल्फी विद तिरंगा' पोर्टल पर फोटो अपलोड कराने के निर्देश दिए, ताकि उत्तर प्रदेश लगातार प्रथम स्थान बनाए रख सके। उन्होंने निर्देश दिए कि 9 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस और 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम पूरे सम्मान और राष्ट्रभक्ति के साथ आयोजित किए जाएं। 9 से 15 अगस्त तक शहीद स्मारकों और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों पर विशेष कार्यक्रम, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए कि 14 और 15 अगस्त को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का अनिवार्य प्रसारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर ध्वज संहिता का पालन करते हुए सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराया जाए तथा इसके प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

# विद्युत ठेकेदार से 50 हजार की रंगदारी मांगी, विरोध पर पिता समेत पांच को पीटा

## ......मरमत कार्य के दौरान दबंगों का हमला, तमंचा दिखाकर दी जान से मारने की धमकी; पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में विद्युत मरम्मत कार्य के दौरान रंगदारी मांगने और विरोध करने पर विद्युत ठेकेदार, उनके पिता व मजदूरों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार युवकों ने 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी और इंकार करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आशियाना सेक्टर-एम निवासी विद्युत ठेकेदार श्वेतांक बाजपेयी शनिवार रात करीब 11:30 बजे अपने पिता करुणाशंकर बाजपेयी तथा मजदूर सत्यप्रकाश, शिव कुमार और प्रेम के साथ अतरौली रेलवे क्रॉसिंग के पास रायबरेली हाईवे किनारे विद्युत मरम्मत का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक वहां पहुंचे और काम के बारे में पूछताछ करने लगे। आरोप है कि युवकों ने खुद को इलाके का दबंग बताते हुए कहा कि यहां काम करना है तो 50 हजार रुपये देने होंगे, अन्यथा काम बंद कर चले जाओ। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गए। इसी दौरान एक आरोपी ने तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी दी, जबकि अन्य ने लाठी-डंडों से ठेकेदार और मजदूरों पर हमला बोल दिया। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे ठेकेदार के पिता करुणाशंकर बाजपेयी को भी आरोपियों ने बेरहमी से पीट दिया। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। मजदूरों को भी शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आईं। घटना के दौरान आसपास के लोग जुटने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मोटरसाइकिलों से रॉन्ग साइड होकर लखनऊ की ओर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# फॉरेंसिक और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित करें : असीम अरुण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज नवारम्भ 2026-27 कार्यक्रम शुभारम्भ मुख्य अतिथि असीम अरुण मंत्री समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश, विशिष्ठ अतिथि डा. राजेश्वर सिंह विधायक सरोजनी नगर लखनऊ के द्वारा उपस्थित गणमान्य अतिथि संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी, डा. अमर पाल सिंह कुलपति राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, डॉ. एम.के. शन्मुगम सुंदरम (आईएएस) सहित दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक ने समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सामाज कल्याण विभाग (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री असीम अरुण ने नवागंतुक छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने एक ऐसे संस्थान और क्षेत्र का चयन किया है, जो न केवल उनके भविष्य, बल्कि देश की न्याय व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान का मूल आधार सटीकता (Perfection) है। केवल अपराधी को पकड़ना पर्याप्त नहीं, बल्कि वैज्ञानिक एवं न्यायालय में ग्राह्य (Admissible) साक्ष्य प्रस्तुत करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि जांच में कहीं भी त्रुटि रह जाती है, तो अपराधी को न्यायालय में लाभ मिल सकता है। अरुण ने कहा कि अपराध और तकनीक लगातार बदल रहे हैं। मोबाइल फोन, इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और अन्य उभरती तकनीकों के साथ साइबर अपराधों का स्वरूप भी विकसित हुआ है। इसलिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों और फॉरेंसिक विशेषज्ञों को अपराधियों से हमेशा एक कदम आगे रहकर नई तकनीकों का अध्ययन एवं अनुसंधान करना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से वैश्विक स्तर की विशेषज्ञता विकसित करने, शोध पत्र लिखने तथा नवाचार करने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत को सुरक्षित डिजिटल तंत्र (Safe by Design) और आधुनिक साइबर सुरक्षा मॉडल विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान संभावनाओं से भरपूर क्षेत्र है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय न्याय संहिता (BNS) में सात वर्ष या उससे अधिक दंडनीय अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य किए जाने से प्रशिक्षित फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध, डिजिटल गिरफ्तारी और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसी चुनौतियों के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए साइबर फॉरेंसिक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। डॉ. सिंह ने अपने स्वर्गीय पिता श्री आर.पी. सिंह की स्मृति में संस्थान के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के लिए प्रतिवर्ष ?1 लाख की नकद पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति सम्मान प्रदान करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि पुरस्कार जीवन में आगे बढ़ने कि ललक को प्रभावशाली करते हैं जिससे समाज को एक सुयोग्य व्यक्ति मिलता है7 उन्होंने कहा कि संस्थान के विद्यार्थी देश की न्याय व्यवस्था और अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जी के गोस्वामी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), उभरती प्रौद्योगिकियां, साइबर सुरक्षा तथा डेटा संरक्षण आज केवल विज्ञान एवं तकनीक के विषय नहीं रह गए हैं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य उन्हीं युवाओं का होगा जो तकनीकी विकास की गति के साथ स्वयं को निरंतर अद्यतन रखते हुए नए कौशल अर्जित करेंगे।

# नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के मुताबिक, सोमवार तड़के करीब चार बजे पूरा परिवार घर में सो रहा था। इसी दौरान उनकी 16 वर्षीय पुत्री घर से गायब हो गई। सुबह नींद खुलने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन वह घर में नहीं मिली। खोजबीन के दौरान घर में रखे बक्से का ताला टूटा मिला और उसमें रखा सामान बिखरा पड़ा था। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की। इसी बीच जानकारी मिली कि मनोहरापुर निवासी सचिन पुत्र रामू कथित रूप से उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित का आरोप है कि जब वह आरोपी के घर जानकारी लेने पहुंचे तो आरोपी के पिता रामू तथा उसके दोनों बेटों ने गाली-गलौज की और मारपीट पर आमादा हो गए। इसके बाद उन्होंने मोहनलालगंज थाने पहुंचकर लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सीएसआईआर-सीमैप ने किसानों को सिखाई मेंथॉल मिंट उत्पादन की आधुनिक तकनीकें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 5 अगस्त सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप), लखनऊ द्वारा 'हेलियन' परियोजना के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता वाले मेंथॉल मिंट सकर्स (पौध सामग्री) के उत्पादन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं सजीव प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक, वैज्ञानिक एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री के उत्पादन के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएसआईआर-सीमैप के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी के संबोधन से हुआ। उन्होंने किसानों से उच्च गुणवत्ता वाले मेंथॉल मिंट उत्पादन के लिए नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने हेलियन परियोजना के उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. आकांक्षा ने माइक्रोबियल फॉर्मूलेशन के उपयोग, डॉ. संतोष केदार ने मेन्था फसल में जैविक कीट प्रबंधन, डॉ. विनीत ने ड्रोन आधारित छिड़काव तकनीक एवं CSIR-AROMA मोबाइल एप्लीकेशन, डॉ. आनंद टीएम ने रिज मेकर एवं मिंट हार्वेस्टर, डॉ. नेहा ने जल संरक्षण एवं ड्रिप सिंचाई, डॉ. अनिल कुमार सिंह ने उच्च गुणवत्ता वाले मेंथॉल मिंट सकर्स उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों तथा डॉ. रक्षपाल ने मेन्था आसवन अपशिष्ट से वर्मीकम्पोस्ट निर्माण एवं जैविक खेती की तकनीकों की जानकारी दी।कार्यक्रम में सुदर्शन, एच.एन. पाठक, डॉ. सुधीर कुमार यादव, मयंक श्रीवास्तव, अंकुर वर्मा, धर्मेंद्र सिंह वर्मा एवं अमरेंद्र कुमार सिंह सहित सीएसआईआर-सीमैप के शोधकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता की। वहीं इंडस्ट्री पार्टनर जीआईजेड के प्रतिनिधि अमित त्रिपाठी तथा सिनर्जी के प्रतिनिधि डॉ. राजेश कुमार एवं डॉ. आर.आर. सिंह भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले मेंथॉल मिंट सकर्स उत्पादन के लिए उत्कृष्ट रोपण सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम के समापन पर किसानों ने इस ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए सीएसआईआर-सीमैप के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी एवं डॉ. राजेश कुमार वर्मा सहित सभी वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया।

# निगोहां में भारतीय किसान क्रांति यूनियन का संगठन विस्तार पर जोर, गांव-गांव पहुंचने का संकल्प

## ......बैठक में किसानों की समस्याओं पर मंथन, राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा बोले– अधिकारों की रक्षा के लिए तैयार होंगे 'क्रांतिकारी योद्धा' ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज/निगोहां, लखनऊ।** निगोहां कस्बे के स्टेशन मोड़ स्थित भारतीय किसान क्रांति यूनियन के नवनिर्मित कार्यालय में बुधवार को संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट ऋषि मिश्रा ने की। इसमें बड़ी संख्या में किसानों और संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लेकर संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं, कृषि से जुड़े मुद्दों और संगठन के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि आने वाले दिनों में प्रत्येक गांव में किसान चौपाल और बैठकें आयोजित कर अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जोड़ने के साथ उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट ऋषि मिश्रा ने कहा कि भारतीय किसान क्रांति यूनियन हमेशा किसानों के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी पूरी मजबूती से किसानों के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं, इसलिए उनके सम्मान, अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए संगठन गांव-गांव तक अपनी पहुंच बढ़ाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से किसानों की आवाज बनकर अन्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल सदस्य संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रत्येक किसान को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और हर गांव में ऐसे 'क्रांतिकारी योद्धा' तैयार करना है, जो किसानों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हर समय संघर्ष के लिए तैयार रहें। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष टाइगर ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक गांव में किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें संगठन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की हर समस्या संगठन की अपनी समस्या है और उसके समाधान के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। बैठक के अंत में उपस्थित किसानों ने गांव-गांव किसान चौपाल आयोजित करने, संगठन का विस्तार करने तथा किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रशासन तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र की मौत, चालक पर मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कनकहा स्थित जबरौली मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 व 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फतेहपुर जनपद के असोथर थाना क्षेत्र के मटिहा गांव निवासी नागेंद्र सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उनका भतीजा अमन


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मो0 रजी अहमद, आयु लगभग 50 वर्ष, पुत्र श्री हसीब, निवासी- प्लॉट नं0-16, अजीज नगर, मोहिबुल्लापुर, सीतापुर रोड , जिला- लखनऊ, उ0 प्र0 का हूँ मेरा उपरोक्त से सम्बन्धित डी0एल0 दस्तावेज में शपथी का नाम त्रुटिवश RASHIF AHMAD अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक व सही नाम MOHD RAZI AHMED है जो कि मेरा सही नाम है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।


# हरे पेड़ों पर चला आरा, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी

## ......संताखेड़ा गांव में सात पेड़ों समेत नाले किनारे 15-20 पेड़ों की अवैध कटान का आरोप, दो नामजद पर मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के सुल्सामऊ मजरा स्थित संताखेड़ा गांव में हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटान का मामला सामने आया है। विरोध करने पर पीड़ित को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और वृक्ष संरक्षण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संताखेड़ा निवासी लवकुश पुत्र स्वर्गीय देवदत्त के मुताबिक, गांव के ही राजन और धीरू पुत्रगण संतोष कुमार ने उसके खेत, गाटा संख्या-86 में लगे करीब सात हरे पेड़ों को बिना अनुमति कटवा दिया। जानकारी होने पर वह मौके पर पहुंचा और विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने खेत के अलावा नाले के किनारे लगे करीब 15 से 20 शीशम, नीम, यूकेलिप्टस, बबूल और चिलवल के पेड़ों की भी कटान करा दी। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 पर दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मोहनलालगंज पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351(3) तथा वृक्ष संरक्षण अधिनियम की धारा 4/10 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।





## आवश्यकता है

साई इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ कॉलेज लोहंदी कला, साई धाम, मीरजापुर मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध – B. A.LL.B. पंचवर्षीय एवं LL.B. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत विधि प्रवक्ताओं एवं प्राचार्य की यू.जी. सी एवं बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया के मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी प्रमाण पत्रों के छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो, प्रमाणित विज्ञापन तिथि के 21 दिनों के अन्दर आवेदन करें।

सम्पर्क सूत्र-:
991831113, 8299472399
Email - saitrust.mirzapur@gmail.Com

# संपादकीय



## जन्म-मृत्यु पंजीकरण

यह जरूरी है कि देश में जन्म व मृत्यु से जुड़े आंकड़े प्रामाणिक हों और समय रहते दर्ज कर लिए जाएं। इससे जनसंख्या गणना, मतदाता की विश्वसनीयता और अंततः विकास योजनाओं के लिये विश्वसनीय आंकड़े जुटा पाना संभव होता है। वहीं दूसरी ओर अवैध घुसपैठियों और विदेशी नागरिकों की पहचान भी संभव हो पाती है। जो कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी है। इसी आलोक में संसद द्वारा हाल ही में 'जन्म और मृत्यु पंजीकरण( संशोधन) विधेयक' को पारित करना, देश की नागरिक पंजीकरण प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल, यह संशोधन सुनिश्चित करता है कि जन्म व मृत्यु का पंजीकरण समय रहते कर लिया जाए। यह कानून देर से होने वाले पंजीकरण के लिए सख्त नियम लागू करता है। नये संशोधन के तहत, जन्म व मृत्यु के दो साल बाद रिपोर्ट किए गए मामलों में मौजूदा कार्यकारी मंजूरी की जगह अब प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश की आवश्यकता होगी। निस्संदेह, फर्जी पंजीकरण को रोकने की दिशा में सरकार का उद्देश्य सराहनीय है, लेकिन यह संशोधन लोगों की पहुंच और समावेशिता के बाबत कई महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा करता है। निस्संदेह, आज देश ने सिविल रजिस्ट्रेशन यानी जन्म–मृत्यु पंजीकरण के मामलों में बहुत अच्छी प्रगति की है। आज देश में 99 फीसदी से अधिक जन्म और मृत्यु का रिकॉर्ड रखा जाता है। दरअसल, देश में बड़ी चुनौती सिर्फ रजिस्ट्रेशन की ही नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने की है कि जन्म व मृत्यु होने पर 21 दिन के भीतर सूचना दर्ज कर ली जाए। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि प्रक्रियागत बाधाएं बढ़ाने की बजाय, समय पर रिपोर्टिंग करने को सहज व सरल बनाया जाए। लोगों को इस बाबत जागरूक करने की भी जरूरत है। साथ ही मौजूदा नियमों को सख्ती से लागू करने से अधिक नीतिगत मामलों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। सरकार का दावा है कि न्यायिक जांच से पंजीकरण में होने वाली गड़बड़ियों पर रोक लगायी जा सकेगी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि वर्ष 2023 संशोधनों के तहत कई सरकारी सेवाओं के लिये जन्म प्रमाण पत्र पहचान का मुख्य दस्तावेज बन गया है। हालांकि, इस बाबत दो साल की समय–सीमा चुनने के पीछे की वजह को तार्किक आधार पर नहीं बताया गया है। वहीं कई ऐसे वाजिब कारण हैं जिसके चलते पंजीकरण देर से होता है। उदाहरण के लिये लें तो दूरदराज के इलाकों में जन्म, पलायन और जागरूकता की कमी के कारण भी जन्म–मृत्यु के पंजीकरण में विलंब होता है। लेकिन अब नये कानून से प्रभावित परिवारों के लिये खर्च और देरी, दोनों ही बढ़ सकते हैं। यह विडंबना ही है कि यह बिल संसद के दोनों सदनों में जारी लगातार हंगामे के बीच पास हुआ। जिसकी वजह से इस महत्वपूर्ण बिल पर कोई सार्थक बहस नहीं हो सकी। वास्तव में होना तो यह चाहिए था कि हर नागरिक की कानूनी पहचान को प्रभावित करने वाले कानून की गहनता से पड़ताल की जाती। जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष को बराबर की जिम्मेदारी निभानी चाहिए थी। निस्संदेह, कुशल प्रशासन में कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंचने और चुनावी ईमानदारी के लिये एक मजबूत व पारदर्शी नागरिक पंजीकरण प्रणाली अपरिहार्य ही है। वास्तव में इस संशोधन की प्रभावशीलता को सिर्फ धोखाधड़ी रोकने की क्षमता से नहीं देखा जाना चाहिए। सावधानी इस बात को लेकर भी की जानी चाहिए कि कोई भी वास्तविक नागरिक कानूनी पहचान से वंचित न रह जाए। दूसरे शब्दों में कहें तो सुरक्षा उपाय नागरिकों की पहुंच में बाधा नहीं बनने चाहिए। सही मायने में अच्छी गवर्नेंस, प्रशासनिक ईमानदारी और लोगों के अधिकारों, दोनों को ही सुरक्षित रखने में है। यह जरूरी है कि लोग समय पर जन्म व मृत्यु की सूचना का पंजीकरण कराएं, लेकिन इसे दर्ज करने की प्रक्रिया सहज–सरल होनी चाहिए। जिसके लिए लोगों को जागरूक करने की भी जरूरत है। साथ ही अपरिहार्य कारणों से हुए विलंब पर सख्ती करने के बजाय सुधारात्मक प्रयासों को तरजीह दी जानी चाहिए।

# पाकिस्तान की बयानबाजी और बदलता जम्मू-कश्मीर



जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के सात वर्ष पूरे होने पर एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई। 5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस ऐतिहासिक फैसले को लेकर पाकिस्तान ने पुराने आरोप दोहराए, वहीं भारत ने इसे राष्ट्रीय एकीकरण, सुशासन और विकास की दिशा में निर्णायक कदम बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सातवीं वर्षगांठ पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए हटने के साथ ही जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के विकास का नया अध्याय शुरू हुआ। उनके अनुसार, वर्षों तक संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहे महिलाओं, अनुसूचित वर्गों और अन्य वंचित समुदायों को अब भारतीय संविधान के तहत समान अधिकार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, उद्यमिता, पर्यटन और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है तथा केंद्र सरकार इन क्षेत्रों को विकसित भारत की यात्रा का महत्वपूर्ण भागीदार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि इस वर्ष अनुच्छेद 370 हटाए जाने की वर्षगांठ जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के वर्ष में पड़ रही है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय एकता के उनके संकल्प की पूर्ति से भी जोड़ा। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने 5 अगस्त को तथाकथित 'यौम–ए–इस्तेहसाल' के रूप में मनाते हुए भारत के फैसले पर आपत्ति जताई। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने आरोप लगाया कि भारत ने जम्मू–कश्मीर की विशेष संवैधानिक स्थिति समाप्त कर अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहेगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी इसी प्रकार के आरोप लगाते हुए कहा कि जम्मू–कश्मीर का मुद्दा उनकी विदेश नीति का प्रमुख विषय बना रहेगा। वहीं उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने भी संयुक्त राष्ट्र से इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाने की मांग दोहराई। भारत पहले भी ऐसे आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट कर चुका है कि जम्मू–कश्मीर उसका अभिन्न और आंतरिक हिस्सा है तथा अनुच्छेद 370 हटाने का निर्णय पूरी तरह संवैधानिक प्रक्रिया के तहत लिया गया था। इसी बीच, पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर (पीओजेके) की स्थिति को लेकर भी समय–समय पर सवाल उठते रहे हैं। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों और स्थानीय विरोध प्रदर्शनों में वहां बिजली, महंगाई, प्रशासनिक नीतियों तथा सुरक्षा बलों की कार्रवाई को लेकर असंतोष सामने आया है। इन घटनाओं के आधार पर भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान को पहले अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में नागरिकों के अधिकारों और विकास पर ध्यान देना चाहिए। उधर, जम्मू–कश्मीर में पिछले सात वर्षों के दौरान कई विकास परियोजनाओं को गति मिली है। सड़क, रेल और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है, पर्यटन में वृद्धि दर्ज की गई है तथा निवेश और रोजगार के नए अवसर विकसित हुए हैं। श्रीनगर को यूनेस्को क्रिएटिव सिटी और वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी जैसी वैश्विक पहचान मिली है। वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी भी क्षेत्र में सामान्य होते हालात का संकेत मानी जा रही है। हस्तशिल्प, पर्यटन और स्थानीय उद्योगों को भी नई गति मिलने का दावा सरकार करती रही है। हालांकि, अनुच्छेद 370 को लेकर राजनीतिक मतभेद आज भी कायम हैं। केंद्र सरकार इसे राष्ट्रीय एकीकरण और विकास की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय मानती है, जबकि पाकिस्तान लगातार इसका विरोध करता रहा है। सात वर्ष बाद यह स्पष्ट है कि इस मुद्दे पर दोनों देशों के दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं आया है। फिलहाल, जम्मू–कश्मीर का भविष्य विकास, निवेश, पर्यटन, रोजगार और शांति की दिशा में आगे बढ़ने की कोशिशों के साथ जुड़ा हुआ है। आने वाले वर्षों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विकास की इन पहलों का लाभ आम नागरिकों तक किस स्तर तक पहुंचता है और क्षेत्र में स्थायी शांति एवं समृद्धि को कितना बल मिलता है।

# उन्नत बचपन की पहली शर्त- स्वस्थ भोजन, स्वस्थ भविष्य




**इसलिए बच्चों का स्वास्थ्य केवल स्वास्थ्य मंत्रालय का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक उारदायित्व का भी सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य के सभी स्कूलों और उनके आसपास जंक फूड की बिक्री, वितरण तथा प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय इसी व्यापक दृष्टि का परिचायक है। यह केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के प्रति उारदायित्व का गंभीर संदेश है। यह स्वीकार करने का साहसिक प्रयास है कि बच्चों की सेहत बाजार के मुनाफे से कहीं अधिक मूल्यवान है। यदि यह निर्णय प्रभावी ढंग से लागू होता है तो यह पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है।आज सबसे बड़ी चिंता यह नहीं है कि बच्चे भोजन कम खा रहे हैं, बल्कि यह है कि वे पोषण कम और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ अधिक खा रहे हैं। रंग-बिरंगे पैकेट, आकर्षक विज्ञापन, कार्टून पात्रों की ब्रांडिंग, सोशल मीडिया का प्रभाव और हर गली-मोहल्ले में उपलध फास्ट फूड ने बच्चों की स्वादेंद्रियों पर ऐसा कजा कर लिया है कि घर का पौष्टिक भोजन उन्हें फीका लगने लगा है। यह परिवर्तन केवल खान-पान की आदत का बदलाव नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे उनके शरीर, मस्तिष्क और व्यवहार को भी प्रभावित कर रहा है।**

विकसित भारत का स्वप्न केवल आधुनिक इमारतों, तेज अर्थव्यवस्था, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक और विश्वस्तरीय आधारभूत संरचनाओं से पूरा नहीं होगा। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके बच्चे होते हैं। यदि बचपन स्वस्थ, संस्कारित, ऊर्जावान और मानसिक रूप से सुदृढ़ है, तो राष्ट्र का भविष्य स्वतः सुरक्षित हो जाता है। यदि बचपन ही अस्वस्थ, मोटापे, मधुमेह, कुपोषण और गलत खान–पान की आदतों से घिर जाए, तो विकास की पूरी अवधारणा खोखली सिद्ध होने लगती है। इसलिए बच्चों का स्वास्थ्य केवल स्वास्थ्य मंत्रालय का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य के सभी स्कूलों और उनके आसपास जंक फूड की बिक्री, वितरण तथा प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय इसी व्यापक दृष्टि का परिचायक है। यह केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व का गंभीर संदेश है। यह स्वीकार करने का साहसिक प्रयास है कि बच्चों की सेहत बाजार के मुनाफे से कहीं अधिक मूल्यवान है। यदि यह निर्णय प्रभावी ढंग से लागू होता है तो यह पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है।आज सबसे बड़ी चिंता यह नहीं है कि बच्चे भोजन कम खा रहे हैं, बल्कि यह है कि वे पोषण कम और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ अधिक खा रहे हैं। रंग–बिरंगे पैकेट, आकर्षक विज्ञापन, कार्टून पात्रों की ब्रांडिंग, सोशल मीडिया का प्रभाव और हर गली–मोहल्ले में उपलब्ध फास्ट फूड ने बच्चों की स्वादेंद्रियों पर ऐसा कब्जा कर लिया है कि घर का पौष्टिक भोजन उन्हें फीका लगने लगा है। यह परिवर्तन केवल खान–पान की आदत का बदलाव नहीं है, बल्कि धीरे–धीरे उनके शरीर, मस्तिष्क और व्यवहार को भी प्रभावित कर रहा है। वैज्ञानिक शोध लगातार यह बताते रहे हैं कि अधिक वसा, अधिक नमक और अधिक चीनी वाले खाद्य पदार्थ बच्चों में मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, हार्मोन असंतुलन तथा मानसिक एकाग्रता में कमी जैसी अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि जो बीमारियां पहले चालीस–पचास वर्ष की आयु में दिखाई देती थीं, वे अब किशोरावस्था और बचपन में ही दस्तक देने लगी हैं। यह केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि आने वाले समय में देश की उत्पादक क्षमता और मानव संसाधन पर भी गहरा प्रभाव डालने वाला संकट है।बचपन की सबसे बड़ी आवश्यकता स्वाद नहीं, पोषण है। शरीर के विकास के साथ–साथ मस्तिष्क का तीव्र विकास भी बचपन में ही होता है। यदि इस अवस्था में बच्चों को संतुलित भोजन, ताजे फल, हरी सब्जियां, दूध, दालें, मोटे अनाज और प्राकृतिक खाद्य पदार्थ पर्याप्त मात्रा में मिलें, तो उनका शारीरिक और मानसिक विकास कहीं अधिक प्रभावी होता है। इसके विपरीत जंक फूड क्षणिक स्वाद तो देता है, लेकिन शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं देता। परिणामस्वरूप बच्चा बाहर से स्वस्थ दिखाई देता है, किंतु भीतर से अनेक पोषण संबंधी कमियों का शिकार बनने लगता है। दुर्भाग्य यह है कि जंक फूड आज केवल भोजन नहीं रहा, बल्कि एक आक्रामक व्यावसायिक संस्कृति बन चुका है। विज्ञापनों के माध्यम से बच्चों के मन में यह धारणा बैठा दी गई है कि आधुनिकता का अर्थ पैकेटबंद भोजन है। लोकप्रिय खिलाड़ी, फिल्मी कलाकार और डिजिटल प्रभावक अनजाने में बच्चों को ऐसे उत्पादों की ओर आकर्षित करते हैं, जिनका अत्यधिक सेवन उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ऐसे में केवल परिवारों को दोष देना उचित नहीं होगा। सरकार, उद्योग, विद्यालय, अभिभावक और समाज–सभी को अपनी–अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि जीवनशैली का निर्माण करने वाली प्रयोगशाला भी हैं। यदि स्कूल परिसर में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए, पोषण शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए, विद्यालयों में रसोई बाग विकसित किए जाएं, बच्चों को स्वयं पौधे लगाने और प्राकृतिक भोजन के महत्व से जोड़ा जाए, तो यह परिवर्तन अधिक स्थायी होगा। केवल प्रतिबंध लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। स्वस्थ विकल्पों को स्वादिष्ट, आकर्षक और सुलभ बनाना भी उतना ही आवश्यक है। भारत की पारंपरिक भोजन संस्कृति विश्व की सबसे संतुलित और वैज्ञानिक भोजन प्रणालियों में मानी जाती है। बाजरा, ज्वार, रागी, दालें, छाछ, दही, अंकुरित अनाज, मौसमी फल, सब्जियां और घर का ताजा भोजन हमारे पूर्वजों की स्वस्थ जीवनशैली की पहचान रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम आधुनिकता के नाम पर अपनी इस समृद्ध खाद्य संस्कृति को त्यागने के बजाय उसे नए स्वरूप में बच्चों तक पहुंचाएं। यदि विद्यालयों की कैंटीन में स्थानीय और पारंपरिक पौष्टिक व्यंजन उपलब्ध कराए जाएं, तो बच्चे धीरे–धीरे उसी स्वाद के अभ्यस्त हो सकते हैं। यह भी समझना होगा कि जंक फूड का प्रश्न केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अस्वस्थ बचपन का अर्थ है भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ता खर्च, कार्यक्षमता में कमी, उत्पादकता का ह्रास और राष्ट्रीय आय पर प्रतिकूल प्रभाव। आज यदि बच्चों के पोषण पर निवेश किया जाता है तो वह आने वाले दशकों में स्वस्थ, सक्षम और नवाचारी नागरिकों के रूप में अनेक गुना लाभ देता है। इसलिए बच्चों के स्वास्थ्य पर खर्च को व्यय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सबसे लाभकारी निवेश माना जाना चाहिए। अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि घर में ही पैकेटबंद स्नैक्स, शीतल पेय और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ नियमित रूप से उपलब्ध होंगे, तो बच्चे उनसे दूर नहीं रह पाएंगे। बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने आसपास देखते हैं। यदि परिवार स्वयं संतुलित भोजन करेगा, साथ बैठकर भोजन करने की परंपरा विकसित करेगा और बच्चों को रसोई से जोड़कर भोजन बनाने की प्रक्रिया में सहभागी बनाएगा, तो उनमें स्वस्थ भोजन के प्रति स्वाभाविक रुचि विकसित होगी। सरकारों को भी केवल स्कूलों तक सीमित न रहकर व्यापक नीति अपनानी होगी। बच्चों को लक्षित करने वाले भ्रामक खाद्य विज्ञापनों पर नियंत्रण, पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर स्पष्ट चेतावनी, अत्यधिक चीनी और नमक वाले उत्पादों की पहचान को सरल बनाना, खेल मैदानों की संख्या बढ़ाना, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण जागरूकता अभियान तथा स्थानीय स्तर पर सामुदायिक भागीदारी जैसे कदम समान रूप से आवश्यक हैं। यदि स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग मिलकर साझा रणनीति बनाएं तो परिणाम कहीं अधिक प्रभावी होंगे। आज समय की मांग है कि जंक फूड के विरुद्ध संघर्ष को केवल प्रतिबंध तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे स्वस्थ जीवनशैली के राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप दिया जाए। जिस प्रकार स्वच्छ भारत अभियान ने स्वच्छता को जन–आंदोलन बनाया, उसी प्रकार स्वस्थ भोजन और पोषण को भी राष्ट्रीय जन–जागरण का विषय बनाया जाना चाहिए। बच्चों को यह समझाना होगा कि वास्तविक ऊर्जा किसी पैकेट में नहीं, बल्कि प्रकृति के निकट रहने वाले भोजन में छिपी है। महाराष्ट्र सरकार का निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह स्वीकार किया है कि बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी राजनीतिक या आर्थिक हित से बड़ा है। अब आवश्यकता इस बात की है कि देश के सभी राज्य इस दिशा में समान साहस और दूरदर्शिता दिखाएं। विकसित भारत की आधारशिला स्मार्ट शहर नहीं, बल्कि स्वस्थ बच्चे हैं। यदि बचपन सुरक्षित रहेगा तो भविष्य सुरक्षित रहेगा। यदि बच्चों की थाली पौष्टिक होगी तो राष्ट्र की प्रगति भी संतुलित होगी। आने वाले भारत की पहचान केवल तकनीकी शक्ति से नहीं, बल्कि स्वस्थ, सशक्त, अनुशासित और जागरूक नई पीढ़ी से होगी। इसलिए आज का सबसे बड़ा राष्ट्रीय संकल्प यही होना चाहिए कि हर बच्चे को ऐसा वातावरण मिले, जहाँ स्वाद से पहले स्वास्थ्य, सुविधा से पहले पोषण और तात्कालिक आकर्षण से पहले दीर्घकालिक जीवन–सुरक्षा को महत्व दिया जाए। यही उन्नत बचपन का मार्ग है और यही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव।

# उंगलियां, कोहनी और घुटने पड़ गए हैं काले तो न करें नजरअंदाज, ये हो सकते हैं संकेत

चेहरे की देखभाल पर तो ज्यादातर लोग ध्यान देते हैं, लेकिन शरीर के कुछ हिस्से अक्सर नज़रअंदाज़ हो जाते हैं। हाथों की उंगलियों के जोड़, कोहनी और घुटनों पर जमा कालापन खूबसूरती को फीका कर देते हैं। इन हिस्सों के काले होने के पीछे केवल गंदगी या सफाई की कमी नहीं होती, बल्कि शरीर के अंदर कुछ ऐसे बदलाव होते हैं, जो इन हिस्सों को प्रभावित करते हैं। त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार, नकल्स, कोहनी और घुटनों की त्वचा शरीर के दूसरे हिस्सों की तुलना में थोड़ी मोटी होती है। इन जगहों पर बार–बार दबाव पड़ने से त्वचा की ऊपरी परत में केराटिन नामक प्रोटीन की मात्रा बढ़ने लगती है, जिससे वह हिस्सा गहरे रंग का दिखाई देने लगता है। कई बार लगातार घर्षण के कारण शरीर उन जगहों पर मेलेनिन का उत्पादन बढ़ा देता है। मेलेनिन हमारी त्वचा के रंग को तय करता है। जब किसी हिस्से पर बार–बार दबाव या चोट जैसी स्थिति बनती है तो शरीर सुरक्षा के तौर पर वहां ज्यादा मेलेनिन बनाने लगता है, जिससे त्वचा का रंग गहरा हो सकता है। हालांकि, अगर नकल्स, कोहनी या घुटनों का कालापन अचानक बढ़ने लगे, तो इसे केवल बाहरी समस्या मानना सही नहीं है। कई मामलों में यह इंसुलिन रेजिस्टेंस से भी जुड़ा हो सकता है। इस स्थिति में शरीर इंसुलिन का सही इस्तेमाल नहीं कर पाता और खून में इंसुलिन का स्तर बढ़ने लगता है। इसका असर त्वचा की कोशिकाओं पर भी पड़ सकता है। कुछ लोगों में विटामिन बी12 की कमी के कारण भी त्वचा पर गहरा रंग दिखाई दे सकता है, खासकर अगर उंगलियों के जोड़ों में ज्यादा कालापन आ रहा हो, तो यह शरीर में पोषण की कमी का संकेत हो सकता है। इसके अलावा, थायरॉइड की समस्या या एडिसन डिजीज जैसी कुछ स्वास्थ्य समस्याएं भी त्वचा में बदलाव लाती हैं। इसलिए, अगर कालापन लंबे समय से बना हुआ है या इसके साथ कमजोरी, वजन में बदलाव या दूसरे लक्षण दिखाई दें, तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। इन समस्याओं में त्वचा की सही देखभाल के साथ कुछ प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल भी मददगार हो सकता है। आयुर्वेद में त्वचा की सफाई, नमी बनाए रखने और रूखेपन को कम करने के लिए कई घरेलू उपाय बताए गए हैं। हालांकि, किसी भी उपाय को अपनाने से पहले यह समझना जरूरी है कि हर व्यक्ति की त्वचा अलग होती है। दही और हल्दी का मिश्रण त्वचा के कालेपन को हटाने में उपयोगी माना जाता है। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है, जबकि हल्दी में पाए जाने वाले करक्यूमिन में सूजन कम करने और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं।

# दैनिक राशिफल




**मेष**- राशि मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन उत्साह और उपलब्धियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलने की संभावना है।

**वृषभ**-वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला हो सकता है। कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना होगी और सहकर्मी भी आपके अनुभव का लाभ लेने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन** -मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। आय के नए स्रोत बनने की संभावना है, लेकिन अनावश्यक खर्च आपकी आर्थिक योजना को प्रभावित कर सकता है।

**कर्क**-कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन सकारात्मक ऊर्जा लेकर आएगा। दिन की शुरुआत नए उत्साह के साथ होगी और आप अपनी दिनचर्या में सुधार करने का प्रयास करेंगे।

**सिंह** -सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य से बेहतर रह सकता है। रोजगार या व्यवसाय में नए अवसर तलाशने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएंगे।

**कन्या**-कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण और लाभदायक साबित हो सकता है। निजी जीवन से जुड़े कुछ बड़े निर्णय भविष्य के लिए फायदेमंद रहेंगे।

**तुला**-तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन संतुलित और सकारात्मक रहेगा। बातचीत के दौरान संयम बनाए रखना आपके लिए लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन सावधानी और समझदारी से आगे बढ़ने का संकेत देता है। यदि नया व्यवसाय शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य लें।


**धनु** -धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन प्रगति और नई संभावनाओं से भरा रहेगा। कार्यों को आधुनिक साधनों की सहायता से समय पर पूरा करने में सफलता मिलेगी।

**मकर**-मकर राशि वालों के लिए आज का दिन आर्थिक दृष्टि से विशेष रूप से लाभकारी रह सकता है। आय के नए अवसर मिलेंगे और पुराने प्रयासों का अच्छा परिणाम प्राप्त होगा। लंबे समय से अधूरे पड़े कार्य पूरे होने के बाद नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**कुम्भ** -कुम्भ राशि के लोगों के लिए आज का दिन सोच-समझकर निर्णय लेने का रहेगा। यदि व्यापार में किसी बदलाव की योजना बना रहे हैं तो पूरी जानकारी और जांच के बाद ही कदम उठाएं।

**मीन**- मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन नई शुरुआत और प्रगति का संकेत देता है। व्यापार का विस्तार करने की योजना सफल हो सकती है और परिवार का सहयोग भी भरपूर मिलेगा। रचनात्मक और परिधान निर्माण से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

# जागरूकता से ही दूर होगी हिचकिचाहट



**पूरी दुनिया में अधिकतम 1.7 प्रतिशत से भी कम अंगदान होता है। विश्व अंगदान दिवस मानवता के सामने सवाल खड़ा करता है कि अस्पतालों में जो अंगदान चाहने वालों की लंबी-लंबी कतारें हैं, उन्हें कम या खत्म करने के लिए लोग असमय मौत का शिकार होने वाले अपने परिजनों का अंगदान करें।दुनियाभर में लाखों लोग किडनी, लिवर, हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे हैं और हर दिन अनेक मरीज केवल इसलिए दम तोड़ देते हैं, योंकि उन्हें अंगदान नहीं मिल पाता। दूसरी तरफ हर वर्ष जो लाखों लोग अकाल मौत का शिकार होते हैं यानी ऐसी मौत का जिसके बाद भी कई घंटों तक उनके शरीर के अनेक अंग कार्यसक्षम और जीवित होते हैं, जिन्हें अगर जरूरतमंदों को दान कर दिया जाए, तो मरने वाला एक व्यति कई लोगों को जिंदगी दे सकता है।**

यह एक अजीब विरोधाभास है कि जब किसी व्यक्ति को अपनी या किसी परिजन की जान बचाने की पड़ी होती है, तब हर ऐसा व्यक्ति अंगदान का हिमायती हो जाता है। लेकिन यही लोग अपने परिजनों का अंगदान करने को कतई राजी नहीं होते। इस वैज्ञानिक युग में भी लोग मौत से संबंधित पुराने ख्यालों के साथ जीते हैं। पूरी दुनिया में अधिकतम 1.7 प्रतिशत से भी कम अंगदान होता है। विश्व अंगदान दिवस मानवता के सामने सवाल खड़ा करता है कि अस्पतालों में जो अंगदान चाहने वालों की लंबी–लंबी कतारें हैं, उन्हें कम या खत्म करने के लिए लोग असमय मौत का शिकार होने वाले अपने परिजनों का अंगदान करें।दुनियाभर में लाखों लोग किडनी, लिवर, हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे हैं और हर दिन अनेक मरीज केवल इसलिए दम तोड़ देते हैं, क्योंकि उन्हें अंगदान नहीं मिल पाता। दूसरी तरफ हर वर्ष जो लाखों लोग अकाल मौत का शिकार होते हैं यानी ऐसी मौत का जिसके बाद भी कई घंटों तक उनके शरीर के अनेक अंग कार्यसक्षम और जीवित होते हैं, जिन्हें अगर जरूरतमंदों को दान कर दिया जाए, तो मरने वाला एक व्यक्ति कई लोगों को जिंदगी दे सकता है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा, क्योंकि मरने वाले लोगों के परिजन पहली बात तो हो चुकी मृत्यु को स्वीकार नहीं कर पाते और फिर कई तरह की मान्यताओं से जुड़े हैं, जिसके कारण वे अंगदान करने से घबराते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक अगर ब्रेन डेथ के बाद मरने वाले व्यक्ति के परिजन स्वीकार कर लें कि उनका प्रिय व्यक्ति तो अब हमेशा के लिए चला गया है, लेकिन अगर वो चाहें तो मृत व्यक्ति भी कई लोगों को जीवनदान दे सकता है।एक कारण यह भी है कि अस्पतालों और व्यवस्था पर अधिसंख्य लोगों को अविश्वास है। देश में अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया कठोर, कानूनी और चिकित्सीय नियमों के अधीन है। मानव अंगों की तस्करी के चलते भी लोग डरे रहते हैं। अंगदान की कम दर का एक कारण स्वास्थ्य सीमाएं भी हैं। हर अस्पताल में ब्रेन स्टेम डेथ की पहचान, अंग संरक्षण की सुविधा, प्रशिक्षित समन्वयक और प्रत्यारोपण की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि दुनिया के कई देशों ने समस्या का आंशिक समाधान खोजा है। स्पेन, फ्रांस और कुछ अन्य देशों में 'ऑप्ट–आउट' व्यवस्था लागू है, जहां सामान्यताः प्रत्येक नागरिक संभावित अंगदान दाता समझा जाता है। जब तक वह स्वतः इससे अलग होने की इच्छा न व्यक्त करें। फिर भी दुनिया में अनेक प्रेरक उदाहरण मौजूद हैं कि परिवारों ने अपने प्रियजन के अंग दान किये। वास्तव में यह भावना केवल चिकित्सीय प्रक्रियाभर नहीं है बल्कि मानवीय करुणा का भी सर्वोच्च रूप है। लोग अंगदान के बारे में सकारात्मक सोचें इसके लिए जरूरी है कि स्कूल स्तर से ही बच्चों को अंगदान की वैज्ञानिक जानकारी दी जाए।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# कोई भी अनाथ बच्चा अब पालन-पोषण और शिक्षा से नहीं रहेगा वंचितः जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की संवेदनशील पहल बनी निराश्रित बच्चों का संबल

**अपने कार्यकाल में अल्पअवधि में ही 1 हजार से अधिक नये बच्चों को उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़कर बदली सैकड़ों परिवारों की जिन्दगी**

**जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की संवेदनशील, मानवीय पहल से अब निराश्रित बच्चों को उज्वल भविष्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मानजनक जीवन का मिलेगा अवसर**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



प्रशासन तभी सार्थक है जब उसकी संवेदनशीलता अंतिम पंक्ति में खड़े सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुंचे। जनपद में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की कार्यशैली इस भावना को निरंतर साकार कर रही है, नियमित जनता दर्शन एवं जनसुनवाई के दौरान जब भी उनके समक्ष निराश्रिम महिलाओं, अनाथ एवं असहाय बच्चों के प्रकरण पहुंचे, उन्होंने उन्हें केवल एक आवेदन के रूप में नहीं बल्कि एक परिवार की पीड़ा के रूप में देखा।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण में गहरी मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए स्वयं बच्चों एवं उनके परिजनों की पारिवारिक परिस्थितियों की जानकारी प्राप्त की। पात्रता सुनिश्चित होने पर सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को तत्काल मौके पर ही ऑनलाइन आवेदन कराने के निर्देश दिये, जिससे पात्र बच्चों को बिना अनावश्यक विलंब के उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ मिल सके। यही कारण है कि अनेक ऐसे परिवार जिन्हें वर्षों से योजना की जानकारी अथवा पहुंच नहीं थी, आज सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की सहायता प्राप्त कर जीवन के प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के मात्र 10 माह के कार्यकाल में उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अंतर्गत 1073 नये बच्चों को योजना से लाभान्वित कराया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कोविड काल से संचालित इस योजना में कुल 739 बच्चे ही लाभान्वित हुए थे। वर्तमान में जनपद में इस योजना के अंतर्गत कुल 1812 बच्चे लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह उपलब्धी केवल प्रशासनिक आंकड़ा नहीं, बल्कि सैकड़ों निराश्रित एवं असहाय बच्चों के जीवन में आयी नई आशा और सुरक्षा का प्रतीक है। जिलाधिकारी ने कहा कि योगी सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र बच्चा आर्थिक अभाव या पारिवारिक विपत्ति के कारण अपने भविष्य से वंचित न रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि ऐसे बच्चों का सक्रिय रूप से चिन्हांकन किया जाए, जिन्होंने 01 मार्च 2020 के बाद अपने अभिभावक, माता-पिता दोनो अथवा किसी एक को खो दिया है और जो जीवित हैं उनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए से अधिक न हो, उन्हें समयबद्ध ढंग से उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य सहित शासन की अन्य सभी योजनाओं से आच्छादित किया जाए। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ उनके भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 श्रेणी के अंतर्गत पात्र बच्चों को प्रतिमाह 4 हजार तथा उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य श्रेणी के बच्चों को प्रतिमाह 2500 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई निराश्रित अथवा पात्र बच्चा है, जो अभी तक योजना से लाभान्वित नहीं हो सका है, तो योजना की वेबसाइट www.mbsyup.in पर ऑनलाइन आवेदन करा सकते हैं या उसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय अथवा सम्बंधित विभाग को दें। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी पात्र बच्चा शासन की इस संवेदनशील योजना से वंचित न रहने पाये। जनपद में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश की संवेदनशील सोच और मानवीय प्रशासन की जीवंत उदाहरण बनकर उभरी है, जिसने सैकड़ों बच्चों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और नई उम्मीद का दीप प्रज्वलित किया है।

# सिलवान में विवाद के दौरान गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप, मोबाइल भी तोड़ा

## पीड़ित शिकायत पर चार विपक्षियों के खिलाफ मामला दर्ज

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिलावन में किसी बात को लेकर दो ग्रामीणों के बीच उत्पन्न हुए विवाद के दौरान एक पक्ष के चार लोगों ने मिलकर एक राय होकर विपक्षी को मौके पर दबोच कर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

ग्राम सिलावन निवासी अनुज पुत्र सुरेश प्रजापति ने कोतवाली महरौनी पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 3 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 8:30 बजे उसका विवाद गांव में ही रहने वाले विपक्षी दीपक पुत्र रामलाल रैकवार के साथ हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित होकर दबंग विपक्षी दीपक ने अपने तीन अन्य परिजनों के साथ मिलकर एक राय होकर उसे गांव में ही दबोच लिया और उसके साथ सरेआम जमकर गाली गलौज की। इतना ही नहीं इस दौरान जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने सरेआम मारपीट करते हुए, जान से मारने की धमकी दी और मोबाइल तोड़फोड़ कर उसका नुकसान कर दिया। कोतवाली महरौनी पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3), 324(4) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### अधिकारियों की छापामार कार्रवाई के दौरान तीन दुकानदारों से दो दर्जन पार्टी टाटा डीएएफ की नकली बाल्टियाँ हुई बरामद

**दोनों दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज, एक दुकानदार फरार**

ललितपुर। जनपद के विभिन्न स्थानों पर टाटा कंपनी के डीएएफ की बाल्टी बेची जा रही थी। इस मामले की शिकायत कंपनी को मिलने पर कंपनी के अधिकारियों ने जनपद के अलग-अलग स्थान से जब शिकायत की, तब कंपनी के अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया, जहां से दो दर्जन नकली माल बरामद हुआ। जिसके बाद कंपनी के अधिकारियों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर तीनों दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

टाटा कंपनी के गुड़गांव निवासी जेएमडी मेगा कॉलेज सेंटर प्रभारी टिकेश्वर नाथ पुत्र स्वर्गीय बुद्ध सेन प्रटेकर आईपी इंडिया ने सदर कोतवाली पुलिस को पत्र देकर अवगत कराया कि जनपद में उनकी कंपनी का नकली मॉल विभिन्न स्थानों बेचा जा रहा था। जिसकी शिकायत उनकी कंपनी को प्राप्त हो रही थी। कंपनी का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने जनपद में सागर नेशनल हाईवे पर स्थित मसोरा बैरियर पर जब छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया, तो वहां मौजूद दुकानदार सूर्याश पुत्र राया शंकर व मामा होटल संचालक अनिल साहू पुत्र रामगोपाल साहू के यहां पर बेचे जा रहे माल की ग्राहक बनकर पड़ताल की। जिसमें पाया गया कि उक्त दोनों ही दुकानदारों द्वारा उनकी कंपनी का नकली माल बेचा जा रहा था। इसके बाद उन्होंने थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टोरिया निवासी यशपाल पुत्र नारायण सिंह के यहां भी छापामार कार्रवाई की, जहां पर उनकी कंपनी का नकली माल पाया गया। इस दौरान उन्होंने कुल मिलाकर दो दर्जन बाल्टी टाटा डीएएफ का नकली माल बरामद किया, जो कंपनी के कॉपीराइट अधिनियम के तहत आता है। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर दिए गए पत्र के आधार पर तीनों दुकानदारों के खिलाफ 63 कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित आलू से भरा ट्रक देर रात सड़क किनारे स्थित ढाबे में घुसा






**» सड़क हादसे में ढाबे का सामान हुआ तहस-नहस, सो रहे कर्मचारी भी बाल बाल बचे**

**» सड़क दुर्घटना में ढाबा संचालक का लाखों का हुआ नुकसान, ट्रक भी हुआ क्षतिग्रस्त, ड्राइवर क्लीनर चोटिल , वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

सागर नेशनल हाईवे पर देर रात्रि एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक तेज रफ्तार आलू से भरा हुआ अनियंत्रित ट्रक ढाबे में जा घुसा, जहां सो रहे दो कर्मचारी बाल बाल बच गए। हालांकि सड़क हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन ढाबे का सामान तहस-नहस हो गया, जिसमें करीब दो लाख का नुकसान हुआ है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार सागर नेशनल हाईवे पर स्थित सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मसोरा खुर्द के पास स्थानीय निवासी वीर सिंह राजा और भूपेंद्र सिंह एक ढाबा खोले हुए हैं, जहां आने-जाने वाले छोटे और बड़े वाहनों को वह जरूरत के अनुसार खाना उपलब्ध कराते हैं। बताया गया है कि मंगलवार की रात्रि करीब 11:00 बजे ढाबे का संचालक वीर सिंह राजा ढाबा बंद कर अपने घर चला गया और ढाबे के दो कर्मचारी उसके अंदर सो रहे थे। इसी दौरान रात्रि करीब 12:00 बजे आलू से भरा हुआ एक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक टीएन 33 बीयू 3892 वहां से गुजरा, जो अचानक अनियंत्रित हो गया और ढाबे में जा घुसा। इस सड़क हादसे में ढाबे में रखा हुआ समान खराब और क्षतिग्रस्त हो गया, तो ढाबा भी टूट फुट गया। यदि ढाबा संचालक की माने, तो इस सड़क हादसे में उसका करीब दो रुपए के आसपास का नुकसान हुआ है। इस दौरान ढाबे में सो रहे उसके दोनों कर्मचारी बाल बाल बच गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मौके पर स्थिति को संभाला। बताया गया है कि सड़क हादसे में ड्राइवर और क्लीनर मामूली हुए हैं। यदि वहां से गुजर रहे लोगों की माने, तो यह सड़क हादसा नींद की झपकी लगने के कारण हुआ। हालांकि संबंध में ड्राइवर या क्लीनर बेहतर तरीके से बता सकता है। घनी मत यह रही कि यह हादसा दिन में नहीं हुआ, या फिर ढाबा खुला हुआ नहीं था, नहीं तो कई लोगों की जान भी जा सकती थी और कई गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त होती।

# रजिस्ट्री पर आपत्ति दर्ज करने के बाद शराबी ग्रामीण का विपक्षी के घर के बाहर मृतक अवस्था में मिला शव

## मृतक के चाचा ने गांव के ही विपक्षियों पर शराब पिलाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने और शराब से उसकी मौत होने का दिया हवाला


स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जैरवारा में एक शराबी ग्रामीण कि उस समय मौत हो गई, जब की जा रही रजिस्ट्री पर उसके चाचा ने आपत्ति लगाई और रजिस्ट्री नहीं होने दी। जिसके बाद ग्रामीण गायब हो गया और दूसरे दिन विपक्षी के घर के बाहर दूसरे दिन मृतक अवस्था में मिला। इस मामले को लेकर मृतक के चाचा ने गांव के ही विपक्षियों पर शराब पिलाकर जमीन की रजिस्ट्री करने का आरोप लगाया है और शराब की लत के कारण मौत होने का हवाला दिया है।

ग्राम जैरवारा निवासी 35 वर्षीय कल्यान पुत्र मेहरबान और मेरु लोधी शराब पीने का आदी था। बताया गया है कि गांव में ही रहने वाला विपक्षी देवेंद्र उसकी जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए उसे दो दिन पूर्व लाया था। जिसकी जानकारी होने पर उसके परिजनों ने रजिस्ट्री पर आपत्ति दर्ज कराई थी। मृतक के चाचा जगभान ने ने बताया कि वह शराब के पीने का आदत आदि था और उसके तीन एकड़ जमीन थी जो शराब पीने की लत में बिक गई थी और कुछ जमीन बची हुई थी। आरोप है कि गांव में ही रहने वाले तख्त और गुलाब उसे शराब पीने के लिए पैसे देते रहते थे और जमीन की रजिस्ट्री करा ली थी। यह भी जानकारी मिली है कि मंगलवार को गांव में ही रहने वाले देवेंद्र सिंह तहसील में उसकी जमीन की रजिस्ट्री कर रहे थे, तब जानकारी होने पर मृतक का चाचा जगभान तहसील पहुंचा जहां रजिस्टार ऑफिस में उसने आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बाद कल्यान वहां से चला आया था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। इसके बाद बुधवार को उनके परिजनों को सूचना मिली कि कल्यान का शव विपक्षी देवेंद्र सिंह के घर के बाहर मृतक अवस्था में पड़ा हुआ है। यह भी जानकारी मिली है कि कल्यान के माता-पिता काफी समय पूर्व मौत की आगोश में समा गए थे और उसके चाचा जगभान ने ही उसका पालन पोषण किया। कल्यान पिछले काफी समय से बीमार चल रहा था। बताया गया है कि शराब की लत के कारण मृतक की दो शादियां हुई थी और दोनों ही पत्नियां उसे भाग गई थी। मृतक के चाचा जगभान ने गांव के ही तख्त और गुलाब पर शराब पिलाने के आरोप लगाए, जिससे उसकी मौत हो गई। यह भी जानकारी मिली है कि सोमवार को गांव में पंचायत लगी थी। जिसमें जानकारी हुई कि गुलाब के पास 50 डिसमिल जमीन और तख्त के पास 24 डिसमिल जमीन थी। इसके साथ ही साधना ने एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री कराई थी और गुलाब से करीब एक लाख रुपए लेना बाकी था।

# एसपी पुलिस कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी द्वारा पुलिस कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न शाखाओं के कार्यालयीय कार्यों, अभिलेखों एवं पत्रावलियों का अवलोकन कर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा वाचक कार्यालय का निरीक्षण कर प्राप्त होने वाले पत्रों, आदेशों एवं अन्य पत्रावलियों के समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रधान लिपिक शाखा में कार्यालयीय अभिलेखों एवं पत्रावलियों का निरीक्षण कर समस्त कार्यों को नियमानुसार एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

आई0जी0आर0एस0 सेल में प्राप्त जनशिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति का अवलोकन कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। मॉनिटरिंग सेल के कार्यों एवं अभिलेखों का निरीक्षण कर विभिन्न प्रकरणों की नियमित समीक्षा एवं प्रभावी अनुश्रवण किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीसीआरबी सेल के अभिलेखों एवं कार्यों का निरीक्षण कर सम्बन्धित प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही को समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। पैरवी सेल में प्रचलित अभियोगों एवं न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों की प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में सम्बन्धित को न्यायालयों में सुदृढ़ एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। कन्विक्शन सेल के कार्यों का निरीक्षण कर चिन्हित अभियोगों में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को अधिकाधिक सजा दिलाए जाने तथा प्रकरणों की नियमित समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारियों को कार्यालयीय कार्यों एवं पत्रावलियों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने, अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने तथा सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## कीटनाशक दवाई के सेवन से गई कक्षा तीन के दस वर्षीय किशोर की जान

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिल्ला में घर में रखी हुई कीट नाशक दवाई के सेवन करने से 10 वर्षीय किशोर की जान चली गई। बताया गया है कि शाम के समय उसने धोखे से कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई और वह गांव में कक्षा 3 में पढ़ रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिल्ला निवासी 10 वर्षीय अभय प्रताप पुत्र परीक्षित कक्षा 3 में पढ़ाई कर रहा था बताया गया है कि मृतक का पिता हरियाणा में रहकर मजदूरी का काम करता है और उसकी मां उसे और उसके पिता को छोड़कर कहीं चली गई। इस दौरान वह मंगलवार घर में अकेला था। बताया गया है कि अभय की चाची पुष्पा दोपहर अपने खेत पर चली गई और घर पर बाहर से ताला लगा हुआ था जब वह शाम करीब 4:30 बजे खेत से लौट कर आई और ताला खुलकर कमरे में अंदर गई तो अभय प्रताप मृतक अवस्था में पड़ा हुआ था उसे अपनी इसकी जानकारी तत्काल अपनी स हर कुंवर देवर कृष्ण प्रताप को दी घटना की सूचना पाकर धोने मौके पर पहुंचे और सूचना पर गांव के लोग और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बताया गया है कि जब पुष्पा अपनी 10 वर्षीय बेटी राधिका को लेकर खेत पर गई थी तो उसे पता नहीं था कि अभय कमरे के अंदर है और वह बाहर सितारा लगा कर चली गई थी। जानकारी मिली है कि घर में ही रखी हुई उड़द में छिड़कने वाली कीटनाशक दवाई की सीसी वहां पर पड़ी हुई थी जो खाली थी और गिलास तथा पानी भी रखा हुआ था। परिजनों ने हवाला दिया कि अभय ने खान की चीज समझ कर कीटनाशक दवाई गटक ली, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने सबको पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## तत्काल रिजर्वेशन काउंटर के बाहर लगा गंदगी का अंबार, सफाई व्यवस्था नहीं है सुचारु



ललितपुर । जहा एक ओर केंद्र सरकार हर छोटी बड़ी स्टेशन को बेहतर से बेहतर सुविधा युक्त के लिए वचनबद्ध है और रुपए खर्च भी कर रहा है वहीं दूसरी ओर आदेश स्टेशन का दर्जा प्राप्त ललितपुर जंक्शन के तत्काल काउंटर के बहार पर सफाई का आलम बहुत ही खराब है । इसका एक जीत जागता उदाहरण ललितपुर का तत्काल रिजर्वेशन काउंटर की बाहर नजर आता है । रेलवे स्टेशन के बाहर जहां तत्काल रिजर्वेशन काउंटर बना हुआ है वहां गंदगी का आलम है इससे तत्काल टिकट वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।एक समय यहां पर जनरल टिकट भी मिलते थे ।सफाई कर्मचारी और समय साफ सफाई कर देती थी लेकिन आज यहां मात्र तत्काल टिकट मिलने की वजह से ऐसा लगता है कि अब सफाई कर्मचारी इस वक्त ध्यान नहीं दे रहे है । जनहित में स्टेशन अधीक्षक ललितपुर इस ओर ध्यान दें जिससे तत्काल रिजर्वेशन वाले यात्रियों को गंदगी से निजात मिल सके ।

## श्रावण मास में अग्रवाल मारवाड़ी महिला मंडल का रंगारंग कार्यक्रम हुआ सम्पन्न, समिति भी चुनी गई

ललितपुर। मंगलवार 4 अगस्त को ग्रैंड सिद्धि होटल में अग्रवाल मारवाड़ी महिला मंडल का रंगारंग कार्यक्रम मनाया गया।जिसमें सभी मंडल की महिलाओं ने अपनी सहभागिता दी।इसी क्रम में कल मंडल के नए पदाधिकारियों ने अपना पदभार संभालते हुए नए पदाधिकारियों से आग्रह किया कि इसी तरह आगे भी अपने सभी काम करते रहे।नए पदाधिकारियों मै मृदुला माहेश्वरी अध्यक्ष,मानसी अग्रवाल (किरण)सचिव,अर्चना अनूप अग्रवाल कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुनी गई। इस अवसर पर मृदुला माहेश्वरी, मानसी, अर्चना अनूप अर्चना बीके ,मोना बंसल,पूनम,अग्रवाल,नीना ओसवाल,अलका,पूनम बंसल, नीलम, प्रिया, गरिमा,सोनाली,गायत्री,पूजा,कविता,सोनल ऋचा,कीर्ति अग्रवाल,प्रियंका लखोटिया आदि सभी मारवाड़ी महिला मंडल की सदस्या मौजूद रही। सभी ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी ।कार्यक्रम का संचालन अर्चना बीके अग्रवाल ने किया।

# नाराहट के प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में जबरन कराये जा रहे दुकान निर्माण को लेकर ग्रामीणों का बिरोध प्रदर्शन

## जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे दुकानों के निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने विरोध क़र जमकर की नारेबाजी, बीडियो हुआ वायरल

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बे में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की जमीन पर जिला पंचायत द्वारा जबरिया तरीके से कराए जा रहे दुकान निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया इस दौरान ग्रामीणों ने जिला पंचायत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दुकान निर्माण न करने देने का आवाहन किया। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर परिसर धार्मिक आस्था का केंद्र है और यहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य बिना सहमति के नहीं होना चाहिए। हालांकि ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए दुकान निर्माण का कार्य रुकवा दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना नाराहट क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में बस स्टैंड के पास बरसों पुराना प्राचीन हनुमान मंदिर बना हुआ है, जहां इलाके के लोगों की आस्था है और वहां पर सैकड़ों लोग पूजन अर्चना करने के लिए आते हैं। बताया गया है कि कस्बे में रहने वाले एक ग्रामीण ने इलाके के बच्चों की शिक्षा दीक्षा को देखते हुए वर्षों पहले जिला पंचायत को जमीन दान में दी थी, जहां जिला पंचायत में इंटर कॉलेज बनवाकर तैयार किया है, जहां सैकड़ों छात्र पढ़ाई करते हैं। इसी स्कूल से सटा हुआ उनका अपना एक निजी मंदिर है, जो अब सार्वजनिक रूप ले चुका है और इलाके के हजारों लोग यहां दर्शन के लिए आते हैं। स्थानीय लोगों की माने, तो इस मंदिर परिसर की जमीन पर जिला पंचायत अपना अधिकार जमा रहा है और यहां पर दुकानों का निर्माण करने का काम किया जा रहा है, जबकि ग्रामीण यहां पर दुकान निर्माण करने के कार्यों का विरोध कर चुके हैं। ग्रामीणों के विरोध के बाद जिला पंचायत अपनी हरकत से बाज नहीं आया और यहां पर दुकान निर्माण करने का कार्य सुचारू बना रहा, जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश पनप उठा। इसी को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने एकजुट होकर निर्माण स्थल पर जाकर जमकर धरना प्रदर्शन किया और जिला पंचायत के खिलाफ नारेबाजी की। इसी दौरान किसी ने उसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जो लगातार वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर आस्था का केंद्र है और यहां पर रोजाना हजारों श्रद्धा आलू अपनी पूजन अर्चना करने के लिए आते हैं। यहां पर जिला पंचायत द्वारा मंदिर की जमीन को अपनी जमीन बात कर जबरन अवैध दुकानों का निर्माण कर रहा है, जो ग्रामीणों को मंजूर नहीं। क्योंकि यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होगी और उनकी आस्था पर ठेस पहुंचेगी। फिलहाल ग्रामीण और जिला पंचायत के बीच विवाद उलझा हुआ है, लेकिन विरोध को देखते हुए यहां पर निर्माण कार्य को बंद करवा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले को लेकर वह जिला प्रशासन के पास जाएंगे और यहां पर बनाई जा रही दुकानों का विरोध दर्ज कराएंगे।

# दुग्ध विकास विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव का हुआ शुभारम्भ




स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

दुग्ध विकास विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के 75 जनपदों में जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव दिनांक 05 अगस्त 2026 को मनाया जा रहा है, जिसमें बुधवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव का शुभारम्भ प्रातः 10:30 मिनट पर किया गया। डेयरी कॉन्क्लेव का सीधा लाइव प्रसारण मुख्यालय लखनऊ से किया गया, जिसमें उपस्थित विभिन्न अधिकारियों द्वारा डेयरी एवं पशुपालन सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी दी गयी। जनपद स्तर पर डा० संदीप कुमार, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर द्वारा पशुओं में होने वाली समस्त बीमारियों एवं टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गयी तथा डा० मुकेश चंद्र, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी द्वारा चारा विकास से सम्बन्धित जानकारी दीगयी।

डा० भगवान सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पशुओं में होने वाले थनैला बीमारी एवं पशु प्रवन्धन सम्वन्धी जानकारी प्रदान की गयी। डा० सत्येन्द्र सिंह, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी झाँसी द्वारा मु० गौ-संवर्धन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में चयनित लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं (आधुनिक डेयरी प्रबंधन-नन्द बाबा दुग्ध मिशन एवं औपचारिक डेयरी प्रसंस्करण- दुग्ध नीति-2022) के बारे में विस्तृत रूप से पूर्ण जानकारी प्रदान की गयी एवं वाहय प्रदेश से पशु कय राम्बन्धी जानकारी तथा योजनान्तर्गत समस्त घटकों के बारे में भी पूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव में लगे समस्तस्टॉलों का निरीक्षण करने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2026-27 में मु० गौ- रांवर्धन योजनान्तर्गत-लॉटरी के माध्यम से चयनित लाभार्थियों 14 महिला एवं 14 पुरुष कुल 28 लाभार्थियों को वाह्य प्रदेश से पशु क्रय करने हेतु चयन पत्र /अनुमति पत्र / ट्राजिंक्ट पास लाभार्थियों को वितरित किये गये। अन्त में जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव में डा० सत्येन्द्र सिंह, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी,झांसी/ ललितपुर द्वारा डेयरी कॉन्क्लेव में उपस्थित समस्त लाभार्थियों / अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापन देते हुए डेयरी कॉन्क्लेव का समापन किया गया।

# साडूमल गांव में राजकीय हाई स्कूल से चंद दूरी पर राजा के ढाबा पर दिन रात बेची जा रही अवैध देशी शराब

## देर रात्रि में अवैध रूप से शराब बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



थाना मड़ावरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम साढूमल में स्थित एक राजा की ढाबे पर दिन-रात अवैध रूप से शराब बेची जा रही है जिसकी वीडियो भी वायरल हो रहे हैं हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद इस ढाबे कार्यवाही न होना अधिकारियों की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करता है। इलाके के लोगों की मानें तो इस ढाबे पर अवैध रूप से दिन रात शराब बेची जाती है।

जनपद में जगह-जगह अवैध रूप से बेची जा रही शराब को लेकर जिला आबकारी विभाग अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है और समय-समय पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब विक्रेताओं के ठिकाने पर छापामार कार्यवाही भी की जा रही है। लेकिन इसी कार्रवाई के बीच सोशल मीडिया पर साडूमल गांव की एक ऐसी तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें राजा ढाबा का संचालक देर रात्रि में भी शराब बेचने का काम कर रहा है। यदि स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो इस ढाबे पर प्रतिदिन सुबह से शाम तक व शाम से लेकर सुबह तक बेखौफ शराब बेचने का काम किया जाता है जिस पर कोई भी अधिकारी कर्मचारी और पुलिसकर्मी हाथ डालने की हिम्मत नहीं करता। ग्रामीणों का तो यहां तक कहना है कि यह सब काम आबकारी विभाग और पुलिस विभाग की मिलीभगत से संपन्न किया जाता है, जिसमें सभी का हिस्सा भी होता है। अब ऐसे में जब आबकारी विभाग जगह-जगह छापा मार कार्यवाही करके सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी फोटो वीडियो वायरल करता है और बड़े पैमाने पर अवैध शराब की जपती दिखता है, तो फिर थाना मड़ावरा क्षेत्र के आबकारी इंस्पेक्टर के कार्य शैली पर ढाबे पर अवैध रूप से बेची जा रही शराब को लेकर गंभीर सवाल उठना लाजिमी है। इस मामले में देखने वाली बात यह होगी, कि जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, तब आबकारी विभाग ढाबा संचालक के खिलाफ क्या कार्यवाही अमल में लाता है या फिर इस मामले को पूर्व की तरह ही ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### डी ए वी इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं को दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**राबर्ट्सगंज, सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज के चुर्क तिराहा स्थित डी.ए.वी इंटर कालेज के छात्र छात्राओं को यातायात प्रभारी निरीक्षक सोनभद्र नरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात जागरूकता अभियान के तहत यातायात नियमों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रभारी निरीक्षक यातायात नरेंद्र कुमार सिंह ने बच्चों को यातायात नियमों रेड,ग्रीन और येलो सिग्नल की जानकारी,सड़क पार करने में सावधानी बरतने की सलाह देते हुए उन्हें यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापक- अध्यापिका, यातायात कांस्टेबल सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राये उपस्थित रही।

### सुप्रीम कोर्ट में अवंतिका रावत ने सफलतापूर्वक पूरी की प्रथम न्यायिक इंटर्नशिप



**भदोही।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, भदोही के रीडर स्वतंत्र रावत की पुत्री एवं आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, मोहाली (पंजाब) की द्वितीय वर्ष की विधि छात्रा अवंतिका रावत ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में अपनी प्रथम न्यायिक इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण कर जनपद का गौरव बढ़ाया है। अवंतिका रावत ने यह इंटर्नशिप माननीय न्यायमूर्ति संजय करोल के मार्गदर्शन में पूरी की। इंटर्नशिप के दौरान उन्हें सर्वोच्च न्यायालय की न्यायिक कार्यप्रणाली, विधिक अनुसंधान, वादों की सुनवाई की प्रक्रिया तथा न्यायिक प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को निकट से समझने और सीखने का अवसर मिला। बताया गया कि यह अनुभव उनके विधिक ज्ञान को और समृद्ध करने के साथ-साथ भविष्य में एक सफल विधि विशेषज्ञ बनने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। अवंतिका की इस उपलब्धि पर उनके पिता स्वतंत्र रावत, परिवार के सदस्यों, शिक्षकों, शुभचिंतकों एवं विधि जगत से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि जनपद के युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक मानी जा रही है।

### यूपी-112 की तत्परता से युवक की बची जान

**भदोही।** सुरियावां थाना क्षेत्र के ग्राम चकबनवारी में आत्महत्या का प्रयास कर रहे एक युवक की जान यूपी-112 की पीआरवी टीम ने समय रहते बचा ली। मंगलवार शाम सूचना मिली कि गांव का एक युवक पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। सूचना मिलते ही पीआरवी-7675 मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए प्रदीप यादव पुत्र विजय यादव को समझा-बुझाकर सुरक्षित पेड़ से नीचे उतार लिया। समय रहते की गई कार्रवाई से उसकी जान बच गई। इस सराहनीय कार्य में पीआरवी कमांडर आरक्षी श्यामजी रावत तथा पायलट मुख्य आरक्षी (चालक) अखिलेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय लोगों ने यूपी-112 की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली की सराहना की।

# धान खरीद मामले में कार्रवाई की मांग, किसानों का विभाग पर मिलीभगत का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिर्ज़ापुर:** उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर में किसानों के हक पर डाका डालने और भ्रष्टाचार में डूबी पड़री क्रय केंद्र की विपणन निरीक्षक दीपिका बरनवाल को बचाने के लिए विभागीय कार्यालय के भीतर काले खेल का पर्दाफाश हुआ है। एक तरफ जहां आरोपी अधिकारी का प्रशासनिक स्थानांतरण सोनभद्र जिले के लिए हो चुका है, वहीं कार्यालय के कुछ भ्रष्ट बाबू और अधिकारी 'महिला होने के नाम पर सहानुभूति' का ढोंग रचकर और मोटी रकम के लेनदेन के जरिए इस ट्रांसफर को रुकवाने की जुगत में लगे हैं। इतना ही नहीं, जांच के नाम पर महज खानापूर्ति कर कार्यालय में बैठकर सेटिंग के जरिए क्लीन चिट देने का नापाक प्रयास भी किया जा रहा है। इस खुली सांठगांठ और प्रशासनिक भ्रष्टाचार की खबर सामने आते ही जिले के किसानों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश फैल गया है। कार्यालय के भीतर चल रहा है सेटिंग और लीपापोती का खेल विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, आरोपी विपणन निरीक्षक दीपिका बरनवाल पिछले करीब 6 वर्षों से एक ही मलाईदार कुर्सी पर कब्जा जमाकर किसानों का शोषण कर रही हैं। जब उनके काले कारनामों की शिकायत जिला पंचायत सदस्य साजन कुमार गौतम द्वारा की गई, तो विभाग ने निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय लीपापोती का षड्यंत्र रच दिया। अब सोनभद्र ट्रांसफर के आदेश को फाइल में दबाकर और कार्यालय के एक खास बाबू के माध्यम से सेटिंग कर आरोपी को बचाने की पूरी पटकथा लिखी जा रही है।

**अन्नदाताओं और जनप्रतिनिधियों का फूटा गुस्सा— तीखी प्रतिक्रिया**

कार्यालय स्तर पर चल रहे इस भ्रष्टाचार और संरक्षण के खेल के खिलाफ अब क्षेत्र के तमाम किसान नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने आर-पार की हुंकार भर दी है। किसान नेता सिद्धनाथ यादव ने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि, 'किसानों का खून चूसने वाली इस भ्रष्ट अधिकारी को बचाने के लिए विभागीय कार्यालय अखाड़ा बन गया है। यदि ट्रांसफर रोकने या क्लीन चिट देने का कुचक्र बंद नहीं हुआ, तो विभाग को किसानों के भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा। प्रधान संघ के जिला प्रभारी रामदेव सरोज ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि, 'भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को बचाने वाले विभागीय बाबू और अधिकारी खुद इस अपराध में बराबर के साझेदार हैं। किसानों के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

किसान नेता राकेश यादव ने दो टूक शब्दों में चेताया कि, 'यह सरकार और अन्नदाताओं दोनों के साथ धोखा है। एक तरफ ट्रांसफर का नाटक और दूसरी तरफ अंदरखाने सेटिंग–यह विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल मौर्या ने कहा कि, 'पड़री क्रय केंद्र भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। आरोपी को बचाने के लिए जो अधिकारी ढाल बने हैं, उन पर भी तत्काल विभागीय गाज गिरनी चाहिए। कन्हैया लाल, बंशीधर और उमेश कुमार आदि ने संयुक्त रूप से आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि, 'यदि आरोपी दीपिका बरनवाल का सोनभद्र ट्रांसफर तत्काल सख्ती से लागू कर रिलीव नहीं किया गया और कार्यालय के भ्रष्ट कर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीण सड़कों पर उतरकर जोरदार आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

**आर-पार की चेतावनी** प्रधान संघ अध्यक्ष ब्यास जी बिंद और जिला पंचायत सदस्य साजन कुमार गौतम सहित तमाम अन्नदाताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि इस मिलीभगत और सेटिंग के जरिए आरोपी को बचाने का प्रयास जारी रहा, तो विभागीय कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जनता और किसान मांग कर रहे हैं कि ट्रांसफर आदेश तत्काल प्रभावी हो और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाले तमाम चेहरों बेनकाब कर उनके खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई की जाए।

### तीन वर्षों से जर्जर पड़ा प्राथमिक विद्यालय भवन, मरम्मत न होने से दुर्घटना का खतरा



**लालगंज मीरजापुर।** विकासखंड लालगंज के धसड़ा राजा स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन पिछले लगभग तीन वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ा है। स्थानीय लोगों के अनुसार भवन की अब तक मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे विद्यालय परिसर खंडहर जैसा दिखाई देने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि भवन की खराब स्थिति के कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा पर हमेशा खतरा बना रहता है। उनका आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से विद्यालय भवन का शीघ्र निरीक्षण कराकर आवश्यक मरम्मत या पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी समय कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

# डगमगपुर में करंट से हादसा, तार सुधार रहे व्यक्ति की गई जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के डगमगपुर इलाके में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा पेश आया। बिजली का तार सुधारने के लिए नीम के पेड़ पर चढ़े एक व्यक्ति की हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। करंट लगने के बाद वह पेड़ से नीचे आ गिरा, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**हादसे से जुड़ी मुख्य जानकारी:** घटना का समय: सुबह 6:00 बजे

**मृतक का नाम:** अजरुद्दीन उम्र करीब 40 वर्ष), पुत्र गफ्फार

**शनिवासी:** कुताहा, थाना अहरौरा (जिला मिर्जापुर)

**घटना स्थल:** डगमगपुर, पड़री थाना क्षेत्र, मिर्जापुर

**कैसे हुआ हादसा?**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजरुद्दीन सुबह-सुबह लगभग 6 बजे बिजली का तार सही करने के लिए नीम के पेड़ पर चढ़े थे। कार्य के दौरान अचानक वह प्रवाहित बिजली के तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गए और संतुलन बिगड़ने के कारण पेड़ से नीचे आ गिरे। इस अप्रत्याशित दुर्घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**पुलिस प्रशासन की कार्रवाई**

घटना की जानकारी मिलते ही पड़री थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थिति का जायजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई (पोस्टमार्टम व अन्य प्रक्रिया) शुरू कर दी है। इस अचानक हुए हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एसएमएस सेवा नहीं देने पर कंपनी पर आयोग सख्त, अस्पताल के पक्ष में सुनाया फैसला

**64,900 रुपये की वापसी, एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपये वाद व्यय देने का आदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, भदोही ने एसएमएस सेवा उपलब्ध न कराने के मामले में एक निजी कंपनी के खिलाफ महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अस्पताल के पक्ष में 64,900 रुपये की वापसी, एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति तथा 10 हजार रुपये वाद व्यय अदा करने का आदेश दिया है। रीडर स्वतंत्र रावत ने बताया कि उपभोक्ता परिवाद संख्या 16/2026 में परिवादी सूर्या ट्रॉमा सेंटर एंड हॉस्पिटल, भदोही ने आरोप लगाया था कि एसएमएस सेवा उपलब्ध कराने के लिए बेंगलुरु स्थित एक्सट्रोंका क्यूआरिस टेक्निगेक कंपनी को डॉ. रमन सिंह के माध्यम से 64,900 रुपये का भुगतान किया गया था। भुगतान प्राप्त होने के बावजूद कंपनी ने एसएमएस प्लेटफॉर्म सक्रिय नहीं किया। इसके कारण अस्पताल मरीजों को अपॉइंटमेंट, टीकाकरण, स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सूचनाएं तथा अन्य संदेश भेजने में असमर्थ रहा। इससे अस्पताल की सेवाएं प्रभावित हुई और उसकी प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचा।

सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि विपक्षी कंपनी को विधिवत नोटिस भेजे जाने के बावजूद वह न तो आयोग के समक्ष उपस्थित हुई और न ही अपना लिखित पक्ष प्रस्तुत किया। उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों के आधार पर आयोग ने सेवा में कमी (डिफिशिएंसी इन सर्विस) सिद्ध मानते हुए परिवाद को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया। आयोग ने अपने आदेश में विपक्षी कंपनी को निर्देश दिया कि वह दो माह के भीतर परिवादी अस्पताल को 64,900 रुपये की मूल धनराशि लौटाए। साथ ही 18 मार्च 2025 से निर्णय की तिथि तक उक्त राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज, सेवा में कमी के कारण एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति तथा 10 हजार रुपये वाद व्यय का भुगतान भी करे। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित अवधि में आदेश का अनुपालन नहीं किया गया तो संपूर्ण देय राशि पर निर्णय की तिथि से वास्तविक भुगतान तक 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होगा। यह निर्णय आयोग के अध्यक्ष संजय कुमार डे तथा सदस्य दीप्ति श्रीवास्तव और विजय बहादुर सिंह की पीठ द्वारा पारित किया गया।

# पुल निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में डूब कर दो बालकों की हुई मौत





**निर्माणाधीन सिक्स लेन पुल के पिलर के लिए जेसीबी से खोदे गए थे गड्ढे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** चील्ह थाना क्षेत्र के हरसिंहग पुर गांव मे सिक्स लेन हाईवे के पुलिया पर पिलर बनाने के लिए खोदा गया था गड्ढा।पिलर के लिए खोदे गए गड्ढे में भर गया था बरसात का पानी जिसमें मंगलवार की देर रात दो चचेरे भाई की गड्ढे में गिरने से दोनों भाइयों की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में मातम छा गया देखते ही देखते मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग जुट गए।

घटना की जानकारी पुलिस को दिया गया मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 वर्षीय किशन व 6 वर्षीय सत्यम दोनों चचेरे भाई हैं दोनों मौत से घर में कोहराम मच गया मौके पर पुलिस दोनों बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही मे जुटी घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने किया हंगामा जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में वांछित युवक गिरफ्तार

**भदोही।** थाना कोइरौना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पीड़िता की मां की तहरीर पर 3 अगस्त को थाना कोइरौना में मुकदमा संख्या 148/2026, धारा 65(1), 351(3) बीएनएस तथा 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। बुधवार को पुलिस टीम क्षेत्र में वांछित आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर सीतामढ़ी गेट स्थित टेंपो स्टैंड के पास से शिवबहादुर उर्फ टुनटुन (18) पुत्र जगत कुमार निषाद उर्फ अंसारी, निवासी गोपालापुर कलिंजरा, थाना कोइरौना को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मनीष द्विवेदी, हेड कांस्टेबल शशिकांत, कांस्टेबल हरिनंदन कुमार, महिला कांस्टेबल गुंजन तथा हेड कांस्टेबल (चालक) शैलेंद्र कुमार यादव शामिल रहे। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# संभावित बाढ़ से निपटने को प्रशासन अलर्ट, 24 घंटे चलेगा नियंत्रण कक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्यों के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से 24 घंटे संचालित रहेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़, जलभराव अथवा किसी भी आपात स्थिति की सूचना देने के लिए आमजन दूरभाष संख्या 05414-250223, 05414-250308 तथा टोल फ्री हेल्पलाइन 1077 पर संपर्क कर सकते हैं। प्राप्त सूचनाओं को तत्काल संबंधित विभागों तक पहुंचाकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उप जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञानपुर भान सिंह को जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए सिंचाई, राजस्व, पशुपालन एवं होमगार्ड्स विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी तीन पालियों में लगाई गई है।

निर्धारित व्यवस्था के अनुसार प्रथम पाली सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तथा तृतीय पाली रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कार्य करेगी। प्रत्येक पाली में तैनात कर्मचारी सूचनाओं का संकलन, विभागीय समन्वय तथा राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी करेंगे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ दायित्व निभाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जनपदवासियों से अपील की है कि बाढ़ या जलभराव की स्थिति में घबराएं नहीं, अफवाहों से बचें और तत्काल जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष या टोल फ्री हेल्पलाइन 1077 पर सूचना देकर प्रशासन का सहयोग करें।

### ससजपा की बैठक मे धरना प्रदर्शन की बनी योजना

**गोपीगंज।** सर्व समाज जनहित पार्टी की आवश्यक बैठक मंगलवार चार अगस्त को सायंकाल नारायण कटरा स्थित कैंप कार्यालय मे हुई,राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनहित और राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में नीट पेपर लीक में हुई धांधली की कड़ी निंदा की गई। पार्टी ने जन्तर-मन्तर पर हुए आंदोलन का समर्थन करते हुए धरना-प्रदर्शन में शामिल लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे को वापस लेने की मांग की, कहा गया कि पार्टी जनहित के मुद्दों पर आंदोलन को मजबूती देगी। बैठक में केंद्र सरकार से मांग की गई कि श्रीमद् भगवत गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किया जाए और इसे पूरे भारत में पाठ्यक्रम में लागू किया जाए, ताकि समाज से भेदभाव, ऊंच-नीच खत्म हो और शांति स्थापित हो सके। 15 अगस्त को केंद्रीय कार्यालय पर सर्व समाज जनहित पार्टी द्वारा धूमधाम से तिरंगा फहराया जाएगा।

# मनवासा विद्या पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम, 400 छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में बुधवार को जनपद में संचालित साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना ऊंज क्षेत्र स्थित मनवासा विद्या पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों तथा उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर पुलिस टीम ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस व सीबीआई अधिकारी बनकर कॉल करना, बैंक अधिकारी बनकर केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर ठगी, ओटीपी एवं यूपीआई पिन हासिल कर खाते से धनराशि निकालना, सोशल मीडिया अकाउंट हैक करना, फर्जी निवेश योजनाएं, ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप, पार्ट टाइम जॉब और टेलीग्राम टास्क के माध्यम से लोगों को निशाना बना रहे हैं।

टीम ने छात्रों को कस्टमर केयर फ्रॉड, फर्जी कूरियर कॉल, सेक्सटॉर्शन, क्यूआर कोड स्कैनिंग फ्रॉड तथा सोशल मीडिया के जरिए होने वाले अपराधों से भी सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड, सीवीवी अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करने और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने की अपील की। साइबर पुलिस ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करे, जिससे समय रहते धनराशि को होल्ड या वापस कराने की कार्रवाई की जा सके। इस दौरान एमआरएम और जीआरएम पोर्टल की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में करीब 400 छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय के 50 शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना विजय कुमार गुप्ता, कांस्टेबल कन्हैया सिंह, प्रभात त्रिपाठी, महिला कांस्टेबल शालिनी सिंह तथा साइबर हेल्पडेस्क थाना ऊंज के मुख्य आरक्षी आशीष सौरभ एवं महिला कांस्टेबल नेहा मौजूद रहीं।

# 13 से 15 अगस्त तक सोनभद्र में धूमधाम से चलेगा 'हर घर तिरंगा' अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 से 15 अगस्त तक पूरे जनपद में व्यापक जनभागीदारी के साथ अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रभक्ति की भावना के अनुरूप भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना है। अभियान के दौरान सभी आवासीय भवनों, सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, शहीद स्मारकों तथा अमृत सरोवरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। प्रमुख स्थलों पर तिरंगा आधारित प्रकाश व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए जिले के प्रमुख स्थानों पर एचजीटी सेल्फी बूथ स्थापित किए जाएंगे। अभियान के तहत पूरे जनपद में तिरंगा यात्रा, तिरंगा बाइक रैली, तिरंगा मेला, तिरंगा प्रदर्शनी और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय एवं प्रसिद्ध कलाकार देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लोगों में राष्ट्रप्रेम का संदेश देंगे। तिरंगा मेले में राष्ट्रीय ध्वज, खादी उत्पादों तथा स्थानीय हस्तशिल्प एवं अन्य उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय भी होगा।

बैठक में बताया गया कि स्वयं सहायता समूहों, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों, खादी भंडारों तथा स्थानीय वस्त्र विक्रेताओं के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि प्रत्येक नागरिक अपने घर पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहरा सके। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में प्रभात फेरी और तिरंगा रैली निकाली जाएगी। रैली से पहले सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन होगा। विद्यालयों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा विद्यार्थियों को मिष्ठान और फल वितरित किए जाएंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों, वृद्धाश्रमों, निराश्रित एवं दिव्यांग आश्रमों तथा बाल सुधार गृहों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित कर मिष्ठान वितरण किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिवालयों में ध्वजारोहण के साथ गोष्ठी, व्याख्यानमाला और राष्ट्रभक्ति विषयक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी कर्मचारी, शिक्षक तथा औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी अपने-अपने घरों पर अनिवार्य रूप से तिरंगा फहराएं। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को आयोजित जिला स्तरीय समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, शहीद सैनिकों के परिजनों तथा पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही शहीद स्मारकों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

# डीएवी ज़ोनल खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



» दूसरे दिन कबड्डी, ताइवांडो, स्किपिंग, खो-खो व चेस में विजेताओं ने जीते पदक

» मेडल जीतने की होड़ में खिलाड़ियों ने दिखाई बेहतरीन खेल प्रतिभा

**बीजपुर/सोनभद** डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी रिहंदनगर में आयोजित डीएवी ज़ोनल खेल प्रतियोगिता का दूसरा दिन खेल उत्साह, अनुशासन और शानदार मुकाबलों के नाम रहा। विभिन्न डीएवी विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ियों ने कबड्डी, ताइक्वांडो, स्किपिंग, खो-खो एवं चेस सहित कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कबड्डी अंडर-14 बालिका वर्ग में डीएवी परासी ने प्रथम तथा डीएवी विद्युत अनपरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ताइक्वांडो अंडर-17 में डीएवी ओबरा की अर्पिता प्रजापति विजेता और डीएवी रॉबर्ट्सगंज की आर्या सिंह उपविजेता रहीं। स्किपिंग अंडर-14 फ्री स्टाइल में डीएवी परासी की वैष्णवी ने प्रथम, डीएवी ओबरा की अविका ने द्वितीय तथा डीएवी अनपरा की छाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 साइकलिंग स्टाइल में डीएवी बीना की शुभांगी विजेता, डीएवी अनपरा की रिया उपविजेता तथा डीएवी ओबरा की अनुशा तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-17 साइकलिंग स्टाइल में डीएवी परासी की प्रीति ने प्रथम और डीएवी ओबरा की कृति ने द्वितीय स्थान हासिल किया। चेस प्रतियोगिता में डीएवी रॉबर्ट्सगंज की टीम प्रथम तथा डीएवी रिहंदनगर की टीम द्वितीय रही।

वहीं खो-खो प्रतियोगिता में डीएवी रिहंदनगर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि डीएवी परासी की टीम उपविजेता बनी। प्रतियोगिता में सतनाम सिंह एवं विकास दुबे ने रेफरी की भूमिका निभाई तथा पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन संदीप दुबे ने किया। प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों तथा विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक मनोज रंजन, सीनियर मैनेजर प्रीतम कुमार, डिप्टी मैनेजर रोशन कुमार, मुकेश कुमार, डीएवी ककरी की प्राचार्या रचना दुबे, डीएवी अनपरा की प्राचार्या दीपा शरण, डीएवी अनपरा विद्युत की प्राचार्या दीपा पांडे, डीएवी विद्युत ओबरा के प्राचार्य हरिकेश यादव सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने सभी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिवार उत्साह और उमंग के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करता रहा।

# संक्षिप्त खबरें

## अंतर्राज्यीय साईबर गिरोह का सदस्य हुआ गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** साईबर थाना प्रतापगढ़ में दर्ज मुकदमा की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए सुभाष तांती 44 पुत्र मसुदन तांती निवासी वार्ड नंबर 2,मधुरापुर थाना शिवनारायणपुर जिला भागलपुर राज्य बिहार को धारा 35(1) की नोटिस भेजने के बाद सुभाष तांती साईबर थाना प्रतापगढ़ में हाजिर हुआ। पुलिस पूंछताछ में सुभाष तांती ने कबूला कि वह पीएनबी के खाते की केवाईसी अपडेट के नाम पर पीड़ितों के मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर उनका मोबाइल हैक कर खाते से 6 लाख 52 हजार का साईबर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। पुलिस जांच पड़ताल में यह भी प्रकाश में आया कि सुभाष तांती अंतर्राज्यीय साईबर गिरोह के साथियों साथ मिलकर अन्य पीड़ितों से भी एपीके फाइल भेजकर साइबर ठगी की है।इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद यादव आदि ने तांती को जिला कारागार के लिए भेज दिया है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, मचा कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। युवक के मौत की जानकारी होने पर परिजनो में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के नया पुरवा निवासी कोमलचन्द्र का पुत्र 19 वर्षीय अमित केसरवानी बुधवार को बाबा घुइसरनाथ धाम दर्शन करने गया था। वहां से लौटने के बाद सुबह करीब सात बजे वह घर में लगे नल पर हाथ मुंह धोने पहुंचा। यहां नल को छूते ही वह करंट की चपेट में आ गया। इसकी जानकारी होते ही परिजन उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पीएम कराये शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## स्थायी लोक अदालत में सदस्य पद के चयन हेतु साक्षात्कार 13 अगस्त को

**प्रतापगढ़।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी-द्वितीय ने बताया है कि जनपद में गठित स्थायी लोक अदालत के सदस्य पद के चयन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त है। प्राप्त आवेदन पत्रों में सदस्य के पद पर चयन हेतु 13 अगस्त को पूर्वान्ह 10 बजे से जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में साक्षात्कार की तिथि सुनिश्चित की गयी है। उन्होने बताया है कि स्थायी लोक अदालत में सदस्य पद पर चयन हेतु आवेदक/अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण, पहचान पत्र के साथ नियत साक्षात्कार तिथि 13 अगस्त को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के कार्यालय में उपस्थित हो। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्पर्क कर सकते है।

## आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक बनवाएं वय वंदना कार्ड

**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद ने बताया है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जनपद के 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा वय वंदना कार्ड बनाए जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने बताया है कि जनपद के सभी 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अपना 'वय वंदना कार्ड' बनवाकर पूरे देश में कहीं भी योजनान्तर्गत सूचीबद्ध निजी एवं सरकारी अस्पतालों में भर्ती होने की स्थिति में निःशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# छोटे लोहिया' जनेश्वर मिश्र की 93 वीं जयंती: सपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बुधवार को समाजवादी आंदोलन के महानायक, सामाजिक न्याय के प्रणेता, जनपक्षधर राजनीति के अलंबरदार, समाजवादी चिंतक एवं विचारक 'छोटे लोहिया' श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र की 94 वीं जयंती समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अनूप यादव की अध्यक्षता में मनाई गई और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। विचार गोष्ठी के माध्यम से उनके जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने किया। विचार गोष्ठी में सपा जिला उपाध्यक्ष अनूप यादव ने कहा की छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र केंद्र की राजनीति में सात बार केंद्रीय मंत्री रहकर विभिन्न प्रमुख मंत्रालयों में कार्य किया, उनकी कार्यशैली व ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का शायद ही कोई ऐसा मिसाल हो, कि जो व्यक्ति 7 बार केंद्रीय मंत्री रहे और उसके पास न अपना निजी बंगला कोठी ना अपनी गाड़ी ना कोई बैंक बैलेंस और ना ही कोई जमीन हो ऐसी महान विभूति विरले ही जन्म लेते है समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने में सबसे बड़ा योगदान स्वर्गीय मिश्रा को जाता है और उन्होंने पूरे देश में समाजवादी विचारधारा को पहुंचाने का काम किया वह कहते थे कि समाजवाद का नारा ही परिवर्तन का हथियार हैऔर उन्होंने कहा था कि समय परिवर्तनशील है लेकिन जो व्यक्ति समय से आगे बढ़कर अपने कर्म से समय को पीछे कर दे वह महान होता है !

सचिव बेचई यादव ने कहा कि राजनीति के क्षितिज पर जनेश्वर मिश्रा एक उदीयमान सूर्य की तरह हमेशा चमकते रहेंगे और अपने व्यक्तित्व और अपने सिद्धांतों और विचारों से हमेशा अमर रहेंगे हम उनके विचारों सिद्धांतों पर चल कर के ही समाजवादी विचारधारा को जन -जन तक पहुंचाने का काम करें, और पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लेकर जाएं यही स्वर्गीय जनेश्वर मिश्रा के प्रति हम लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान प्रदेश सचिव राममिलन भारती, पारसनाथ विश्वकर्मा, फिरोज आलम, इमामुद्दीन खान, पुनीत गौतम, डॉ मोहम्मद यूनुस, इरशाद खान बागी, एजाज अहमद, अशफाक उलरब खान, अंगद यादव आदि उपस्थित रहे।

# तैनाती को लेकर कोटेदारों में नाराजगी, किया धरना-प्रदर्शन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पूर्ति निरीक्षक के ब्लाक में चौथी बार हुई तैनाती को लेकर बुधवार को कोटेदार संघ ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पूर्ति निरीक्षक का स्थानांतरण निरस्त न होने पर विरोध प्रदर्शन तेज करने की चेतवानी भी दी है। विकासखण्ड सांगीपुर एवं रामपुर संग्रामगढ़ के कोटेदार बड़ी संख्या में बुधवार को लालगंज ब्लाक मुख्यालय पहुंचे। यहां जुटे कोटेदारों ने पूर्ति निरीक्षक देवी प्रसाद तिवारी की चौथी बार हुई तैनाती को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। कोटेदारों ने पूर्ति निरीक्षक पर उत्पीड़न का भी आरोप मढ़ा है। कोटेदार संघ के महेन्द्र प्रताप, बृजेश कुमार, रामसजीवन कोरी, कालिका प्रसाद, सुरेश सिंह, पारसनाथ, राजेश कुमार, धर्मराज पटेल, शिवकुमार, राधेश्याम, हीरालाल, राजेन्द्र बहादुर आदि ने जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र के जरिए पूर्ति निरीक्षक की सांगीपुर व रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक से तैनाती निरस्त किये जाने की मांग उठाई है। पूर्ति निरीक्षक देवी प्रसाद तिवारी का कहना है कि कोटेदारों का उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन समझ से परे है। उत्पीड़न का आरोप निराधार है। कोटेदार समन्वय स्थापित कर ईमानदारी व पारदर्शिता से कार्य करें।

## खाद्य सचल दल द्वारा फ्लोर मिल से आटे का 01 नमूना लेकर जारी किया सुधार नोटिस



**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ स्थित संचालित फ्लोर मिल्स (आटा विनिर्माण इकाई) खाद्य पदार्थ आटा में शैलखड़ी (सोप स्टोन) व चावल आदि के भण्डार/विक्रय को प्रतिबन्धित करने व आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह के निर्देशन में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ स्थित फ्लोर मिल्स मौर्या चौराहा किशुनगंज स्थित गुप्ता फूड प्रोडक्ट (प्रो0-अशोक गुप्ता) का निरीक्षण किया गया एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर आटा का एक नमूना संग्रहित करते हुए सुधार नोटिस जारी किया गया। खाद्य सचल दल अभियान में यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्कूल भवन नहीं, एमडीएम शेड में पढ़ रहे बच्चे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** इटवा विकास क्षेत्र के ककरही प्राथमिक विद्यालय से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है, जहाँ स्कूल भवन न होने के कारण बच्चे पिछले एक साल से मिड-डे मील (एमडीएम) शेड और रसोई घर में बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की कक्षाएं भवन के बजाए एमडीएम (मिड-डे मील) शेड में चल रही हैं। बारिश में टीन शेड से पानी टपकने लगता है तो इससे पहले ठंड के मौसम में बर्फीली हवाओं ने भी बच्चों को परेशान किया। यह मामला इटवा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हिंगुआ के प्राथमिक विद्यालय ककरही का है। यहां के पुराने भवन को ध्वस्त कराया गया, जबकि नए भवन के लिए अभी धन की स्वीकृति ही नहीं हुई।

यही वजह है कि करीब एक वर्ष से ज्यादा समय से कक्षाएं एमडीएम शेड में संचालित हो रही हैं। उक्त प्राथमिक विद्यालय का भवन जर्जर अवस्था में पहुंच गया था। ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई और फिर मई 2025 में नीलामी हुई। इसके बाद जून महीने में भवन को ध्वस्त कर दिया गया। तभी से कक्षाएं एमडीएम कक्ष में चल रही हैं। लगभग 15 माह बाद भी नए भवन का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। जहां पढ़ाई चल रही है, वहां हर समय बच्चों पर खतरा मंडरा रहा है। वर्तमान में विद्यालय में कुल 70 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। संख्या के हिसाब से एमडीएम शेट का स्थान कम पड़ रहा है। इसके बाद भी यहीं पर सभी कक्षाएं संचालित हो रही हैं। जहां शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने-लिखाने में कठिनाई हो रही है तो छात्रों को भी नाना प्रकार की दुश्वारिया को झेलना पड़ रहा है।

बारिश के दिनों में शेड से पानी टपकने लगता है तो सर्द मौसम में स्थिति काफी कष्टदायक बनी रहती है। विद्यालय में अलग कार्यालय न होने के कारण शिक्षकों को मजबूरी में शौचालय के एक हिस्से को सामग्री रखकर कार्यालय के रूप में उपयोग करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बच्चों को खुले में शौच जाना पड़ता है। यहां का हैंडपंप खराब है, इसके चलते पेयजल का भी संकट रहता है। शिक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि विद्यालय के ध्वस्तीकरण के बाद से कक्षाएं एमडीएम शेड में संचालित की जा रही है विभाग की ओर से पास के एक अन्य प्राथमिक विद्यालय में कक्षाएं संचालित करने का सुझाव दिया गया था, पर अधिकांश बच्चे दूसरे गांव जाने को तैयार नहीं हुए। बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसलिए सीमित संसाधन में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। अभिभावकों ने बताया कि निरंतर नए भवन की मांग की जा रही है, पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जब भी बच्चे स्कूल जाते हैं, हर समय चिंता बनी रहती है कि कहीं कोई घटना न हो जाए। इस संबन्ध में खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार का कहना है कि यह समस्या संज्ञान में है। जर्जर भवन होने के कारण उसे ध्वस्तीकरण कराया गया। नए भवन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। धन की स्वीकृति मिलने के बाद ही निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी।

# हॉकी, वॉलीबॉल व फुटबॉल प्रतियोगिता जूनियर स्तर में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने दिखाया जौहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता जूनियर स्तर सत्र 2026-27 के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल आदि खेलों का चयन ट्रायल प्रतियोगिता जिला स्पोर्ट स्टेडियम सिद्धार्थनगर में बुधवार को आयोजित हुआ। उद्घाटन अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के कर कमलों से विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीपप्रज्वलन तथा जनपद सिद्धार्थनगर का खेल ध्वज का आरोहण कर कार्यक्रम के विधवत् उद्घाटन की घोषणा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी बढ़नी अरुण कुमार एवं मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष द्वारा हॉकी एवं वालीबाल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया। हॉकी के बालक वर्ग खेल में नौगढ़ विकासखंड प्रथम तथा इटवा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल एवं फुटबॉल के बालिका वर्ग में विकास खंड बढ़नी प्रथम विकास खंड डुमरियागंज द्वितीय रहा। खेल के दौरान ही अधिक वर्षा होने के कारण खेल को बीच में रोकना पड़ा तथा काफी समय इंतजार करने के बाद जिला तकनीकी समिति के निर्णय के परिणाम स्वरूप आयोजक ब्लॉक उसका बाजार को बालक- बालिका दोनों संवर्ग हैंडबॉल खेल को मंडल स्तर पर प्रतिभाग कराने की जिम्मेदारी दी गई, वहीं पर फुटबॉल बालक वर्ग विकासखंड बढ़नी को मंडलीय चयन/ट्रायल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की जिम्मेदारी दी गई, वॉलीबॉल बालक संवर्ग फाइनल मैच विकासखंड डुमरियागंज एवं इटवा के मध्य हो रहा था बरसात के कारण खेल बाधित हुआ जिसमें तकनीकी समिति द्वारा डुमरियागंज के 6 खिलाड़ी अहमद अली, मोहम्मद उमर, मोहम्मद तालिब कृष्णा यादव, आशीष, साहिल तथा विकास खंड इटवा से मोहम्मद उस्मान, विक्रम गुप्ता, विष्णु, संजय, जुबेर, दानिश का चयन मंडलीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए किया गया।

बास्केटबॉल के प्रतिभागिता की जिम्मेदारी मंडल स्तर पर विकासखंड इटवा को दी गई। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्र उपाध्याय, जिला व्यायाम शिक्षिका सीमा द्विवेदी, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सत्येंद्र कुमार अनिल जौनपुरी, सुनील कुमार, मुस्तन शेरुल्लाह , रविंद्र सिंह गुर्जर, राजकुमार, सुखबीर सिंह, धुरुव कुमार, साधू शरण चौहान , राम शंकर, सत्येंद्र गुप्ता,अहमद फारुखी, राजेंद्र प्रसाद, अमृतलाल, राजकुमार, गुलाम रिजवी, सत्य प्रकाश, माहेश्वरी पाठक, अनिल पांडे, अजय बरनवाल, केसरीनंदन, बसंतू चंद्रमणि, अरविंद गुप्ता, शशिकांत, जावेद आलम, रंभा मिश्रा, दानिश आदि मौजूद रहे।

## घर से लापता हुए दो मासूम बच्चे बांसी बस स्टेशन पर मिले

**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना बांसी की मिशन शक्ति टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर से लापता दो मासूम बच्चों को बस अड्डा से बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता से बच्चों के परिजनों ने राहत की सांस ली तथा स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की त्वरित कार्यवाही की सराहना की। जानकारी के अनुसार, बांसी नगर पालिका क्षेत्र के पंतनगर निवासी शेषमणि ने बुधवार को थाना कोतवाली बांसी में सूचना दी कि उनकी चार वर्षीय पुत्री सोनम और दो वर्षीय पुत्र शिवम संदिग्ध परिस्थितियों में घर से कहीं चले गए हैं।

सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम सक्रिय हो गई और संभावित स्थानों पर खोजबीन शुरू कर दी। तलाश के दौरान दोनों मासूम बच्चे बांसी रोडवेज बस स्टेशन पर सुरक्षित घूमते हुए मिले। पुलिस टीम ने तत्काल उन्हें अपनी सुरक्षा में लेकर परिजनों को सूचना दी। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दोनों बच्चों को सकुशल उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

## विधान परिषद में गूंजे शिक्षकों की पदोन्नति और स्कूल बसों के उठे मुद्दे

**प्रतापगढ़।** शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद में सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों की पदोन्नति और स्कूल बसों की परमिट व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से आयोग से चयनित शिक्षकों को प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति का अधिकार देने की मांग की। उनका कहना था कि एडेड विद्यालयों में वर्षों से कार्यरत शिक्षक पदोन्नति के अवसर से वंचित हैं, जबकि राजकीय विद्यालयों में यह सुविधा उपलब्ध है। इससे शिक्षकों का मनोबल और सम्मान प्रभावित होता है। सदन में उन्होंने स्कूल बसों के संचालन से जुड़ी समस्याएं भी उठाई। उन्होंने कहा कि यदि बसें समय-समय पर फिटनेस जांच में सफल हो रही हैं तो केवल आयु सीमा के आधार पर उन्हें संचालन से बाहर करना उचित नहीं है। नई बस खरीदने का अतिरिक्त आर्थिक बोझ अंततः अभिभावकों और छात्रों पर पड़ता है। उमेश द्विवेदी ने स्कूल बसों के लिए परमिट व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ये बसें व्यावसायिक रूट पर नहीं चलतीं, बल्कि सीमित क्षेत्र में बच्चों को लाने-ले जाने का कार्य करती हैं। ऐसे में परमिट के नाम पर अनावश्यक उत्पीड़न बंद होना चाहिए। उन्होंने सरकार से स्पष्ट नीति बनाकर शिक्षा संस्थानों और स्कूल संचालकों को राहत देने की मांग की।

# नशामुक्ति के खिलाफ छात्र छात्राओं को किया जागरूक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा लालगंज में बुधवार को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आबकारी टीम के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को नशीले पदार्थो के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें जागरूक किया गया। आबकारी निरीक्षक लालगंज अशोक कुमार ने छात्र छात्राओं को नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों तथा पारिवारिक व सामाजिक क्षति के प्रति सचेत किया। उन्होने छात्र छात्राओं को नशे से दूर रहते हुए नशा मुक्ति अभियान में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सुभद्रा गोस्वामी, बृजेश कुमार वर्मा, संतोष कुमार यादव, एकेडमिक कंट्रोलर रीमा मिश्रा ने भी छात्र छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों को लेकर सचेत किया। विद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत्त आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, प्रबंधक सुनीता मिश्रा, प्रकाशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र, सीमा मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से छात्र छात्राओं में सकारात्मक विकास की मजबूती मिला करती है। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने नशा छोड़े-जीवन जोड़े तथा नशामुक्त भारत, स्वस्थ भारत का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर हिमांशु शुक्ल, श्यामशंकर मिश्र, अनीता द्विवेदी, मीनू तिवारी, मनोज शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, शरद मिश्र, राजीवरत्न त्रिपाठी, रवीन्द्र शुक्ल, विवेक पाण्डेय, राजकुमार यादव, श्रुति शुक्ला, रामचंद्र तिवारी, अनिल द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# 67.68 लाख के 376 गुम मोबाइल फोन को पुलिस ने किया बरामद, स्वामियों को किया सुपुर्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु लगातार प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक एवं सीईआई आर पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए जनपद के समस्त थानों की साइबर टीमों एवं सर्विलांस सेल द्वारा उल्लेखनीय सफलता अर्जित की गई।

इसी क्रम में सर्विलांस सेल एवं जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों से कुल 376 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 67,68,000 रुपए है।बुधवार को पुलिस लाइन प्रतापगढ़ स्थित साई कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार द्वारा बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए।अपने गुम हुए मोबाइल फोन पुनः प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी लौट आई। सभी लाभार्थियों ने प्रतापगढ़ पुलिस की त्वरित, तकनीकी एवं प्रभावी कार्यप्रणाली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) एवं पूरी पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम अथवा चोरी हो जाए तो वह तत्काल संबंधित थाना अथवा सीईआईआर पोर्टल (www.ceir.gov.in) पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे पुलिस समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित कर सके।

## सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को बाइक सवार ने मारी टक्कर, रेफर

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली रोड पर बरस गांव के पास बुधवार को सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाइक चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया।शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के भवानी पार खारे गांव निवासी रामबरन (65) पुत्र विदेशी अपने बेटे की ससुराल बरस में आयोजित नाती के निकासन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के दौरान वह सड़क पार कर रहे थे। तभी रायबरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और घायल को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

# बदहाल सड़क बनी मुसीबत, गड्ढों और जलभराव से ग्रामीण परेशान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के लोदीपुर उतरावा कैली गांव से लालगंज-डलमऊ मार्ग को जोड़ने वाली सड़क लंबे समय से बदहाल पड़ी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश में इनमें पानी भर जाने से आवागमन मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण स्कूली बच्चों, किसानों और राहगीरों को रोज परेशानी उठानी पड़ रही है। किसान खेतों तक आसानी से नहीं पहुंच पा रहे हैं। कई लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों के मुताबिक कई बार शिकायत के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। ग्राम प्रधान से भी कई बार मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

गांव निवासी रमेश कुमार मिश्रा शैलेंद्र आदि ने बताया कि इसी मार्ग से प्रसिद्ध बुढ़िया माता मंदिर के लिए भी श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। खराब सड़क के कारण उन्हें भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से सड़क की जल्द मरम्मत कराकर आवागमन सुगम बनाने की मांग की है।

# एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न, शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने पर बल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के इटवा ब्लाक संसाधन केंद्र के प्राथमिक विद्यालय गनवरिया पूरब मे चल रहे प्राथमिक एवं कंपोजिट परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय एफएनएल प्रशिक्षण का प्रथम बैच का समापन बुधवार को हुआ ।जिसमें प्रतिभागियों को एनसीईटी की पाठ्य पुस्तकों पर आधारित एवं निपुण भारत मिशन की दक्षताओं को प्राप्त करने हेतु संचालित प्रथम बैच के प्रशिक्षण का समापन हुआ।

प्रशिक्षण समापन के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रसाद द्वारा अध्यापकों से संवाद करते हुए कक्षा मैं गतिविधि आधारित शिक्षण तथा नवीन पाठ्य पुस्तकों के प्रभावी उपयोग तथा बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के उद्देश्यों को समय से प्राप्त करने पर बल दिया, खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा की में प्राप्त दक्षताओं को प्रभावी रूप से कक्षा शिक्षण में उपयोग में लाएं तथा निपुण भारत मिशन की संकल्पना को पूरा करने के लिए समयबद्ध रूप से प्रयास करें। इस दौरान लोकेंद्र प्रताप सिंह संगीत शुक्ला अभिषेक शुक्ला तथा हेमंत गुप्ता ने शिक्षकों से प्रशिक्षण में बताए गए बिन्दुओं को विद्यालय में क्रियावान करने पर जोर दिया। इस अवसार पर प्रदीप मिश्रा, इन्दुमति त्रिपाठी, विनय शुक्ला, रचना सिंह, फुरकाना आबिद, प्रमोद यादव,अ फरीद खा, संतोष कुमार, हरिश्चंद्र सहित शिक्षक मौजूद रहे।

# बीएसए ने किया निरीक्षण: जाना प्रशिक्षण का हाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता (एफएलएन) के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से हासिल करने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र उसका बाजार में संचालित एफएलएन एवं एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का बीएसए शैलेश कुमार ने बुधवार को निरीक्षण किया।

उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, शिक्षण गतिविधियों तथा प्रतिभागी शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षण को व्यवहारिक एवं परिणामोन्मुख बनाने पर बल दिया । निरीक्षण के दौरान डीसी निपुण आशीष सिंह, बीईओ अशोक सिंह, एआरपी रूपेश सिंह, बालगोविंद पटेल, अमित मणि त्रिपाठी, नरेंद्र यादव, अमित पांडेय, डिंपल गुप्ता, अंकिता उपाध्याय, संचिता मजूमदार, हरिच्छा सिंह, विक्रम सिंह, प्रियंका चौधरी, आन्या गहरवार आदि रहे।

## कल से लापता वृद्धा का शव कुएं में मिला, गांव में मचा हड़कंप

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के अन्दूपुर मजरे ताजुद्दीनपुर गांव में कल से लापता 70 वर्षीय वृद्धा फूल दुलारी पत्नी बाबादीन का शव बुधवार को गांव के बाहर एक बाग स्थित कुएं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। बताया जा रहा है कि फूल दुलारी मंगलवार से घर से लापता थीं। परिजन उनकी लगातार तलाश कर रहे थे। बुधवार को गांव के बाहर स्थित एक बाग के कुएं में उनका शव दिखाई देने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि वृद्धा का शव कुएं से बरामद किया गया है।